



# तरुण छत्तीसगढ़


e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 36 अंक 127 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 07 फरवरी 2025 डाक 08 फरवरी 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए




**विविधा**
नई दिल्ली के रायसीना रोड पर अमेरिका से कथित अवैध भारतीय प्रवासियों के निर्वासन के विरोध में विरोध प्रदर्शन किया



**देश-विदेश**
यह तो गुंडागर्दी है, शेख मुजीबुर्रहमान के आवास पर हुआ हमला तो भारत ने यूनुस सरकार को सुनाई खरी-खरी



**फीचर**
भाग्य लक्ष्मी में मलिष्का का किरदार निभाएंगी मेघा प्रसाद




# पांच साल बाद रेपो रेट में कटौती, इनकम टैक्स के बाद अब सस्ते लोन का तोहफा




**नईदिल्ली, 07 फरवरी [एजेंसी]।**

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के नए गवर्नर संजय मल्होत्रा ने नीतिगत ब्याज दरों में कटौती करके जनता को बड़ी राहत है। उनकी अगुआई में हुई RBI की MPC में करीब पांच साल बाद कटौती करने का फैसला किया गया है। उसने नीतिगत ब्याज दरों में 0.25 फीसदी की कटौती की है। अब नीतिगत ब्याज दर 6.5 से घटकर 6.25 हो जाएगी। आरबीआई के ब्याज दरों में कटौती करने के बाद होम लोन, कार लोन और बाकी कई अन्य लोन भी सस्ते हो जाएंगे। अगर अपने फ्लोटिंग रेट पर होम या कार लोन लिया है, तो उसकी EMI भी कम हो जाएगी। केंद्रीय बजट में 12 लाख रुपये तक की सालाना आय टैक्स फ्री होने के बाद यह फरवरी 2025 में आम जनता के लिए दूसरी बड़ी राहत है। सभी बैंक लोन देने के लिए आरबीआई से पैसे उधार लेते हैं। आरबीआई उन्हें जिस रेट पर उधार देता है, उसे रेपो रेट कहते हैं। अब मान लीजिए कि रेपो रेट 6 फीसदी है, अब जब बैंकों को ही 6 फीसदी आरबीआई से कर्ज मिलेगा, तो वह इससे सस्ती दर पर लोन नहीं दे सकेंगे। उन्हें बल्कि लोन इससे महंगा देना पड़ेगा, क्योंकि उन्हें अपनी कमाई लागत भी देखनी होगी। इसलिए जब भी आरबीआई रेपो रेट में कमी या बढ़ोतरी करता है, तो बैंक भी उसी हिसाब से कर्ज सस्ता या महंगा करते हैं। जैसे कि इस बार आरबीआई ने रेपो रेट कम किया है।

इससे बैंकों को केंद्रीय बैंक से सस्ता कर्ज मिलेगा और वे इसका फायदा ब्याज दर घटाकर आम जनता को भी देंगे। इससे आपके लिए कार लोन, होम लोन या फिर पर्सनल लोन लेना सस्ता हो जाएगी। और आपकी EMI (इक्वेटेड मंथली इंस्टॉलमेंट) में भी कमी आएगी। आरबीआई ने इससे पहले आखिरी बार मई 2020 में कोरोना महामारी के समय रेपो रेट में 0.40 फीसदी कटौती की थी। उस वक्त यह चार फीसदी पर आ गई थी। हालांकि, रूस-यूक्रेन युद्ध से वैश्विक अनिश्चितता बढ़ी और आरबीआई ने जोखिमों से निपटने के लिए ब्याज दरों में बढ़ोतरी का सिलसिला शुरू किया। यह फरवरी 2023 में जाकर रुका था।

## बलांगीर में माओवादियों और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी

**ओडिशा।** बलांगीर जिले में गंधमर्दन की तलहटी में स्थित भानपुर में माओवादियों और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी हुई, एसपी खिलाड़ी ऋषिकेश ज्ञानदेव ने आज यह जानकारी दी। हालांकि, अभी तक माओवादियों के हताहत होने या घायल होने की कोई सूचना नहीं मिली है। माओवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी के कारण रेंगाली, महारापदर, तेलेनपाली और भानपुर के माओवादी प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस की निगरानी थी। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए, सुरक्षा बलों ने उन जगहों पर छापेमारी की, जिस दौरान माओवादियों ने उन पर गोलीबारी की। बलांगीर और बरगढ़ दोनों तरफ से गंधमर्दन के जंगलों में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

# बिहार विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी का मास्टरस्ट्रोक, आरजेडी और कांग्रेस की बढ़ाई टेंशन



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी ने आरजेडी और कांग्रेस की टेंशन बढ़ा दी है। दरअसल, बिहार की राजनीति में भाजपा ने भी पूरी तरह से जाति को साधने का काम शुरू कर दिया। भाजपा ने सरकारी योजनाओं में पिछड़ा एवं अति पिछड़ों की भागीदारी बढ़ाने के साथ ही संगठनात्मक नेतृत्व में इस समुदाय को आगे कर संदेश देने प्रयास किया है। पार्टी ने 50 प्रतिशत से अधिक संगठनात्मक जिलों में जिलाध्यक्ष का दायित्व पिछड़ा-अतिपिछड़ा समाज के कार्यकर्ताओं को सौंप दिया है। भाजपा के 52 संगठनात्मक जिलों में से 46 जिलों में अध्यक्ष का निर्वाचन पूरा कर लिया गया है। इसमें 25 से अधिक जिलों में भाजपा ने पहली बार पिछड़ा-अतिपिछड़ा समाज के कार्यकर्ताओं को जिलाध्यक्ष बनाया है। गैर यादव पिछड़ी एवं अतिपिछड़ी जातियों पर भाजपा ने सर्वाधिक फोकस किया है। संकेत है कि विधानसभा चुनाव में टिकट वितरण में भी पार्टी इसी रणनीति पर आगे बढ़ेगी। पार्टी ने सवर्णों के साथ ही पिछड़ा में वैश्य, कोईरी (कुशवाहा) के अतिरिक्त धानुक, कुर्मी के साथ एक मुश्त पचपनियां वोट बैंक को लक्ष्य बनाकर नेतृत्व उभारने का प्रयास किया है। भाजपा में संगठनात्मक चुनाव की समय सीमा समाप्त हुए एक महीने बीतने को है लेकिन प्रदेश नेतृत्व छह संगठनात्मक जिलों में जिला अध्यक्ष के नाम घोषित करने को लेकर कशमकश में है।

# मुडा केस में सिद्धारमैया को राहत, सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका खारिज, लोकायुक्त ही संभालेगी जिम्मा

**बंगलुरू, 07 फरवरी [एजेंसी]।**



कर्नाटक के मुडा मामले में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को बड़ी राहत मिली है। दरअसल, कर्नाटक हाईकोर्ट ने मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण एजेंसी (सीबीआई) से कराए जाने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। याचिका स्नेहमयी कृष्णा की ओर से लगाई गई थी। कोर्ट ने कहा कि रिकॉर्ड में लाए गए दस्तावेजों से ऐसी बिल्कुल भी प्रतीत नहीं होता है कि लोकायुक्त की ओर से की जा रही जांच में कोई लापरवाही बरती जा रही है। जांच में पक्षपात, एकतरफा या गलत दिशा में जाने के भी कोई सबूत नहीं हैं। ऐसे में मामले को सीबीआई को सौंपने का कोई औचित्य नहीं है।

इसलिए याचिका खारिज की जाती है। मामले की जांच लोकायुक्त जारी रखेगा। मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण या मुडा कर्नाटक की एक राज्य स्तरीय विकास एजेंसी है, जिसका गठन मई 1988 में किया गया था। मुडा का काम शहरी विकास को बढ़ावा देना, गुणवत्तापूर्ण शहरी बुनियादी ढांचे को उपलब्ध कराना, किफायती आवास उपलब्ध कराना, आवास आदि का निर्माण करना है। मुडा शहरी विकास के दौरान अपनी जमीन खोने वाले लोगों के लिए एक योजना लेकर आई थी। 50.50 नाम की इस योजना में जमीन खोने वाले लोग विकसित भूमि के 50 प्रतिशत के हकदार होते थे।

यह योजना 2009 में पहली बार लागू की गई थी। जिसे 2020 में उस वक्त की भाजपा सरकार ने बंद कर दिया। सरकार द्वारा योजना को बंद करने के बाद भी मुडा ने 50.50 योजना के तहत जमीनों का अधिग्रहण और आवंटन जारी रखा। सारा विवाद इसी से जुड़ा है। आरोप है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती को इसी के तहत लाभ पहुंचाया गया। आरोप है कि मुख्यमंत्री की पत्नी की 3 एकड़ और 16 गुंटा भूमि मुडा द्वारा अधिग्रहित की गई।

## केजरीवाल ने आप उम्मीदवारों को खरीदने का लगाया आरोप, सचदेवा बोले- एंटी करप्शन ब्यूरो में होगी शिकायत

**नई दिल्ली।** दिल्ली चुनाव के नतीजों से पहले आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर आप उम्मीदवारों को खरीदने का आरोप लगाया। इस पर दिल्ली भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने केजरीवाल के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो में शिकायत करने की बात कही। दिल्ली भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने न्यूज एजेंसी से कहा, अरविंद केजरीवाल जिस तरह का आरोप लगा रहे हैं, वो बेहद निंदनीय है। आप के नेताओं को अपनी हार निश्चित दिखाई दे रही है, इसलिए उन लोगों ने अपना मानसिक संतुलन खो दिया है। सचदेवा ने आगे कहा कि ये भ्रष्टाचार का मामला है।

# प्रयागराज महाकुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर-18 में आग लगी



**प्रयागराज, 07 फरवरी [एजेंसी]।**

प्रयागराज के महाकुंभ में एक बार फिर आग लग गई है। यह आग सेक्टर-18 के शंकराचार्य मार्ग पर लगी है। दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं। आग लगने की यह इस तरह की तीसरी घटना बताई जा रही है। फायर ब्रिगेड आग बुझाने में जुटा हुआ है। अभी आग लगने की वजह पता नहीं चल पाई है। आग में जाल एवं माल की किसी तरह की हानि नहीं हुई है। कहा जा रहा है कि आग पर काबू पा लिया गया है। इससे पहले 30 जनवरी को महाकुंभ के सेक्टर-22 में भी कई पंडालों में आग लग गई थी। इस आग में 15 टेंट जलकर खाक हो गए थे।

इससे पहले भी आग लगने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। महाकुंभ मेले के सेक्टर 2 में दो कारों में आग लगने के बाद हड़कंप मच गया था। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ था और समय रहते फायर ब्रिगेड कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति पर काबू पा लिया था। वहीं, 19 जनवरी को महाकुंभ मेले के सेक्टर 19 में एक और आगजनी की घटना हुई थी, जब एक शिविर में रखे घास-फूस में आग लग गई थी। इस घटना में करीब 18 शिविर जलकर खाक हो गए थे। हालांकि, फायर ब्रिगेडकर्मियों ने तत्परता से आग पर काबू पा लिया था और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई थी।

इससे पहले महाकुंभ से सटे छतनाग गांव के किनारे अवैध रूप से बनी टेंट सिटी जस्ट ए शिविर में 30 जनवरी को आग लगी थी। जिसमें 15 लग्जरी कॉटेज राख हो गए थे। शुरुआत जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आई थी। फायर ब्रिगेड ने जल्द ही आग पर काबू पा लिया था। गनीमत रही कि आग के वक्त कॉटेज के अंदर कोई नहीं था। 19 जनवरी को महाकुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर-19 में गीता प्रेस गोरखपुर के शिविर में आग लग गई थी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था और बांस-फूस के बने कई कॉटेज जलकर राख हो गए थे। दुर्घटना के दौरान कॉटेज में रखे एलपीजी सिलेंडर धमाके के साथ फटे थे।

## प्रयागराज किराया बढ़ाया, छत्तीसगढ़ सिविल सोसायटी का उड्डयन मंत्रालय को कारण बताओ नोटिस

**रायपुर, 07 फरवरी।**

देश की हवाई कंपनियों की मनमानी के खिलाफ छत्तीसगढ़ सिविल सोसाइटी ने खुला मोर्चा खोल दिया है। सोसाइटी का स्पष्ट कहना है कि महाकुंभ के किराये को लेकर विमानन कंपनियों ने लूट मचा रखी है। अहमदाबाद से प्रयागराज का किराया 76964 रुपये है, जबकि अहमदाबाद से वाशिंगटन का किराया महज 50200 रुपये है। इस प्रकार विमानन कंपनियों की मनमानी के चलते महाकुंभ का हवाई किराया वाशिंगटन के किराये से भी आगे निकल गया है।

# सज्जन कुमार के खिलाफ 1984 सिख दंगे मामले में फैसला टला, 12 फरवरी को अगली सुनवाई



**नईदिल्ली, 07 फरवरी [एजेंसी]।**


1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े सरस्वती विहार मामले में दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट में फैसला टल गया है। राऊज एवेन्यू कोर्ट अब इस मामले में 12 फरवरी को फैसला सुनाएगी। दरअसल, 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े सरस्वती विहार मामले में कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार आरोपी हैं।

ये मामला 1 नवंबर 1984 का है, जिसमें पश्चिमी दिल्ली के राज नगर इलाके पिता-पुत्र, सरदार जसवंत सिंह और सरदार तरुण दीप सिंह की हत्या कर दी गई थी। शाम में करीब चार से साढ़े चार बजे के बीच दंगाइयों की एक भीड़ ने लोहे की सरियों और लाठियों से पीड़ितों के घर पर हमला किया था। शिकायतकर्ताओं के अनुसार, इस भीड़ का नेतृत्व कांग्रेस के तत्कालीन सांसद सज्जन कुमार ने किया था, जो उस समय बाहरी दिल्ली लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। आरोप है कि सज्जन कुमार ने भीड़ को हमले के लिए उकसाया, जिसके बाद दोनों सिखों को उनके घर में जिंदा जला दिया गया। इतना ही नहीं, भीड़ ने घर में तोड़फोड़, लूटपाट और आगजनी भी की थी।

## टीवी चैनल के दफ्तर में आगजनी, स्टूडियो जलकर खाक

**रायपुर 07 फरवरी।** रायपुर के पचपेड़ी नाका स्थित निजी टीवी चैनल के मेन स्टूडियो में रात के समय भीषण आग लगने से बड़ी क्षति होने की आशंका जताई जा रही है। आधी रात करीब ढाई से तीन बजे के बीच अचानक स्टूडियो से धुंआ उठते हुए देखा गया, जिसके बाद चैनल के स्टाफ ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी और आग पर काबू पाने की कोशिशें शुरू कर दीं। आग मुख्य स्टूडियो की पहली मंजिल पर लगी थी। आग के धुएं की अधिकता के कारण दमकल कर्मियों को आग बुझाने में कठिनाई हो रही थी, क्योंकि वे अंदर घुसने में दिक्कतों का सामना कर रहे थे।

# एमपी के महू में भयानक सड़क हादसा, टैंकर और ट्रैवलर की टक्कर में चार लोगों की मौत, 17 घायल



**महू।** मध्य प्रदेश के महू तहसील के मानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गुरुवार-शुक्रवार रात को भीषण सड़क हादसा हुआ। यात्रियों से भरी हुई टैम्पो ट्रेवलर एक टैंकर में जा घुसी, जिससे टैम्पो ट्रेवलर की पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की चपेट में एक बाइक भी आ गई जिस पर सवार दो लोगों की मौत हो गई। वहीं कुल 4 लोगों की मौत हुई है। घटना में 17 लोग घायल हैं, जिसमें महिलाएं और एक बच्चा भी शामिल हैं। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। ट्रेवलर में सभी यात्री कर्नाटक के रहने वाले थे। सभी तीर्थ यात्री महाकाल दर्शन कर महाराष्ट्र की ओर जा रहे थे। इस दौरान यह घटना हुई।

मानपुर थाने के एएसआई रवि ने जानकारी दी, ट्रैवलर और ट्रक के टक्कर से पहले ट्रैवलर ने बाइक को टक्कर मारी थी। इसमें मध्यप्रदेश के सेंधवा निवासी शुभम और धरमपुरी निवासी हिमांशु की मौत हो गई है। वहीं ट्रैवलर में सवार दो महिलाओं की मौत हुई है। उनकी भी पहचान करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस के अनुसार हादसा इतना भीषण था कि ट्रैवलर वाहन के परखच्चे उड़ गए।

# राम मंदिर की पहली ईंट रखने वाले कामेश्वर चौपाल का निधन, दिल्ली में चल रहा था इलाज



**अयोध्या।** कामेश्वर चौपाल का दिल्ली में निधन हो गया है। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनका दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में इलाज चल रहा था। अगस्त 2024 को इसी अस्पताल में किडनी का ट्रांसप्लांट कराया गया था। इन्होंने ही अयोध्या में राम मंदिर की पहली ईंट रखी थी। वह बिहार विधान परिषद के सदस्य भी रहे थे। बीजेपी में उनके निधन से शोक की लहर दौड़ गई है। कामेश्वर चौपाल को संघ ने प्रथम कार सेवक का दर्जा भी दिया था। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं विधान परिषद के पूर्व सदस्य कामेश्वर चौपाल का निधन हो गया है। चौपाल ने दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में अंतिम सांस ली है। कामेश्वर चौपाल पिछले एक वर्ष से बीमार चल रहे थे। कामेश्वर चौपाल ने ही राम मंदिर निर्माण के लिए पहली ईंट रखी थी। संघ ने उन्हें प्रथम कार सेवक का दर्जा दिया था। कामेश्वर चौपाल का जन्म सुपौल जिले कमरैल गांव में हुआ था। नौ नवंबर 1989 को उन्होंने अयोध्या में श्रीराम मंदिर की पहली ईंट रखी थी। तब देश के अलग-अलग हिस्सों से आए हजारों साधु-संतों और लाखों कारससेवक इसमें जुटे थे।





स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


# वैष्णो देवी यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए खुशखबरी!

## फरवरी में मां के दर्शन करना हुआ आसान

**कटड़ा, 07 फरवरी [एजेंसी]।**



मां वैष्णो देवी के दर्शन के लिए देशभर से श्रद्धालु आधार शिविर कटड़ा पहुंच रहे हैं। वर्तमान में मां वैष्णो देवी की यात्रा में गिरावट आई है। हालांकि, रोजाना 12000 से 16000 के बीच श्रद्धालु मां वैष्णो देवी के दर्शन कर रहें हैं। भीड़ कम होने पर श्रद्धालुओं को प्राचीन गुफा से मां वैष्णो देवी के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। इसको लेकर श्रद्धालु काफी उत्साहित है। गुरुवार को श्रद्धालुओं को घोड़ा, पिट्ठू पालकी के साथ ही हेलीकॉप्टर सेवा, बैटरी कार सेवा, रोपवे केवल कार सेवा सुविधाएं मिलती रही।

# मतदान से पहले आम नागरिक ले रहें हैं मतदान करने की जानकारी

## आम नागरिको को वार्डों में मिल रही है ईवीएम संचालन की जानकारी



**कोरबा ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देशानुसार शहर के वार्डो में नगरीय निकाय निर्वाचन में ईवीएम के संचालन के संबंध में आमनागरिको को जागरूक किया जा रहा है। आम नागरिक मतदान करने से पहले अपने वार्ड में लगाये जा रहे ईवीएम जागरूकता शिविर का लाभ उठाकर मतदान करने की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। वार्ड में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा आम नागरिकों को ईवीएम में महापौर तथा पार्षद के लिए वोट डालने की जानकारी दी जा रही है। बैलेट यूनिट में अपनी पसंद के उम्मीदवार को वोट देने के पश्चात वीप की आवाज आयेगी और लाल लाईट भी जलेगी। मतदाताओं को इएनडी बटन, नोटा के बारे में भी विस्तार से बताया जा रहा है। वार्ड में लगने वाले शिविर में आम नागरिकों की शंकाओं / जिज्ञासाओं का निराकरण किया जा रहा है। 5 और 6 फरवरी को नगर पालिक निगम कोरबा अन्तर्गत कुल 27 वार्डों में प्रातः 10.30 बजे से 5 बजे तक आम नागरिकों को महापौर तथा वार्ड पार्षद के पदों पर वोट डालने की प्रक्रिया को बताया गया। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा वार्ड शारदा विहार, अमरैय्या पारा, देवांगन पारा, पुरानी बस्ती, धनुहार पारा, सीएसईबी कालोनी, इमलीडुग्गू, भिलाई खुर्द, पटेलपारा, नयी बस्ती, राताखार, मुड़ापार, लालघाट, पॉड़ीमार, बेलगिरी बस्ती, दर्रीखार, सरदार वल्लभ भाई पटेल नगर, अयोध्यापुरी, चोरभट्ठी, डगनिया, भैरोताल में आम नागरिकों को बताया गया कि उन्हें महापौर के लिये मतदान करने के पश्चात पार्षद पद के प्रत्याशी के लिये भी मतदान करना होगा। मतदाताओं को बताया जा रहा है कि मतदान केन्द्र में दो बैलेट यूनिट लगाई जायेगी। बैलेट यूनिट में सफेद रंग में महापौर पद और गुलाबी रंग में पार्षद पद के प्रत्याशियों का नाम, फोटो और चुनाव चिन्ह चस्पा होगा।

# राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन 9 फरवरी को

**कोरबा ।** छ.ग. लोक सेवा आयोग रायपुर द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 का आयोजन 9 फरवरी को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक एवं दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक दो पाली में किया गया है। इस हेतु संयुक्त कलेक्टर श्री कौशल प्रसाद तेंदुलकर को नोडल और डिप्टी कलेक्टर श्री शशीकांत कुर्रे एवं सहायक परियोजना अधिकारी श्री एच.आर.मिरेन्द्र को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण हेतु 7 उड़न दस्ता दल गठित किया गया है।

उक्त परीक्षा के आयोजन हेतु जिले में 19 परीक्षा केंद्र क्रमशः सेंट फ्रांसिस इंग्लिस मीडियम स्कूल नकटीखार, निर्मला इंग्लिस हायर सेकेण्डरी स्कूल रिस्दी रोड कोरबा, शासकीय ई.वी.पोस्ट ग्रेजुएट कालेज रजगामार रोड कोरबा, न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल तहसील कार्यालय के पीछे रामपुर कोरबा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीडब्ल्यूडी रामपुर कोरबा, ब्लू बर्ड पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल प्लाट नंबर एक मेन रोड कोसाबाड़ी कोरबा, विद्युत गृह हायर सेकेण्डरी स्कूल क्रमांक एक कोरबा पूर्व, सरस्वती हायर सेकेण्डरी स्कूल सीएसईबी ईस्ट कोरबा, कोरबा कंप्यूटर कालेज घंटाघर के पास बुधवारी रोड कोरबा, शासकीय मिनीमाता गर्ल्स कालेज घंटाघर चौक कोरबा, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल एनसीडीसी कोरबा, डीएव्ही पब्लिक स्कूल एसईसीएल सुभाष ब्लाक कोरबा, सेंट विनसेंट पल्लोटी स्कूल पोंड़ीबहार रविशंकर शुक्ल नगर कोरबा, केरियर पब्लिक स्कूल अंबेडकर भवन के पीछे हेलीपेड के पास, शासकीय गर्ल्स हायर सेकेण्डरी स्कूल साडा ट्रांसपोर्टनगर कोरबा, लायंस इंग्लिस हायर सेकेण्डरी स्कूल आदर्श विहार टीपी नगर कोरबा, डीडीएम पब्लिक स्कूल इंदिरा स्टेडियम के पीछे टीपी नगर कोरबा और कमला नेहरू कालेज रानी रोड कोरबा बनाये गये हैं। उक्त परीक्षा केंद्रों में कुल 6423 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। उक्त परीक्षा हेतु शासकीय ई.व्ही.पी.जी.कालेज रजगामार रोड कोरबा को मार्गदर्शन केंद्र बनाया गया है जिसका दूरभाश क्रमांक 07759-221458 है।

ब्रिफिंग 07 को- उक्त परीक्षा की ब्रिफिंग 7 फरवरी को शासकीय ईविपीजी कालेज कोरबा में अपरांह 12 बजे आयोजित की गई है। सर्व संबंधितों को ब्रिफिंग में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने निर्देशित किया गया है।

## प्रयास आवासीय विद्यालय अंतर्गत कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

### 14 फरवरी तक कर सकते हैं आवेदन

**कोरबा ।** प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन जारी है। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 14 फरवरी 2025 निर्धारित है। भरे गए फॉर्म में त्रुटि सुधार की प्रक्रिया 17 फरवरी से 21 फरवरी तक किया जा सकता है। तथा प्रवेश परीक्षा की तिथि पृथक से दी जायेगी।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रवेश हेतु संबंधित विकासखण्ड के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला/लाफा पाली/पोड़ी उपरोड़ा, प्रयास आवासीय विद्यालय डिंगापुर में संपर्क कर निर्धारित समय अवधि में निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। साथ ही प्रवेश हेतु नियमावली एवं प्रवेश नीति का अवलोकन तथा ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने हेतु वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डाट एकलव्य डाट सीजी डाट एनआईसी डाट इन/पीआरएसएमएस/स्टूडेन्ट-एडमिशन-डिटेल पर किया जा सकता है।

## कोरबा नगरीय क्षेत्र के ईडीवी मतदाताओं ने विद्युत गृह स्कूल में किया मतदान

### निर्वाचन कार्य में लगे कर्मचारियों के मतदान हेतु बनाया गया है सुविधा केंद्र



**कोरबा ।** जिले के नगरीय निकाय क्षेत्र के निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र के चिन्हांकित मतदाताओं का विभिन्न नगरीय निकायों में प्रशिक्षण स्थल पर निर्मित सुविधा केंद्र में मतदान कराया गया है। नगर निगम कोरबा के निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र के चिन्हांकित मतदाताओं ने शासकीय विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 01 में अपना मतदान किया। इसी प्रकार नगरीय क्षेत्र कटघोरा, छुरीकला, बांकीमोंगरा, दीपका के ईडीवी मतदाताओं ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक कटघोरा एवं पाली नगर पंचायत के ईडीवी मतदाताओ ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाली में निर्मित सुविधा केंद्र में अपना मतदान किया।

# लापता युवकों की लाश चौथे दिन एक बाद एक बरामद हुई डूबान क्षेत्र से







**कोरबा।** कोरबा जिले के दर्री थाना अंतर्गत सीएसईबी पश्चिम क्षेत्र से 3 फरवरी से लापता तीन युवकों की लाश डुबान क्षेत्र से बरामद की गई। घटना के चौथे दिन एक के बाद तीनों शव आसपास ही मिले। मित्र युवकों के शव मिलते ही परिजनों के साथ-साथ वहां मौजूद शुभचिंतकों की आंखें भी छलक पड़ीं।

जानकारी के मुताबिक आशुतोष सोनीकर पिता मुरलीधर 18 वर्ष, सागर चौधरी पिता महेंद्र चौधरी 28 वर्ष दोनों निवासी सीएसईबी कॉलोनी व बजरंग प्रसाद 19 वर्ष निवासी अयोध्यापुरी आपस में अच्छे दोस्त थे। 3 फरवरी को ये तीनों लापता हो गए। तीनों युवकों का वाहन, कपड़ा, मोबाइल, जूता सहित अन्य सामान नदी किनारे पाए गए। 3 फरवरी सोमवार की सुबह करीब 11 बजे ये घर से घूमने जाने के नाम से निकले तो फिर घर नहीं लौटे। परिजनों ने खोजबीन के साथ ही पुलिस को जानकारी दी। इस दौरान मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे पुलिस को सूचना मिली कि वार्ड क्र. 51 डांडपारा के किनारे से गुजरी हसदेव नदी के डुबान क्षेत्र में युवकों का कपड़ा, जूता दो पहिया वाहन, मोबाइल लावारिश पड़ा है। मौके पर मिले कपड़े और वाहन को परिजनों ने अपने बच्चों का होना बताया, तब से ही लापता युवकों के नदी में डूब जाने की आशंका जताई जाने लगी थी। दर्री पुलिस ने युवकों की तलाश शुरू की।

गोताखोरों की टीम बुलाई गई जो लापता युवकों को नदी के अन्य हिस्सों में तलाशने उतरी लेकिन कुछ पता नहीं चला। स्थानीय गोताखोरों के अलावा स्ठक्रम्न की टीम ने भी तलाश शुरू की। गुरुवार को दो युवक सागर व बजरंग का शव डुबान क्षेत्र से बरामद किया गया गया है। स्कूब डाइविंग और नगर सेना की टीम ने लगातार दो दिन तक मोटर बोट से जाकर हसदेव डुबान क्षेत्र में पानी की गहराईयों से 6 फरवरी की सुबह करीब 10 ःेे30 बजे सागर चौधरी का शव बरामद किया जो घटनास्थल से करीब एक किलोमीटर दूर नदी में हाइटेंशन टॉवर के पास तैरते हुए मिला। इसके बाद नदी में तलाश की रफ्तार बढ़ा दी गई। दोपहर करीब दो बजे बजरंग का शव घटना स्थल से 4 किलोमीटर दूर डुबान क्षेत्र के जलकुंभी में फंसा बरामद हुआ। तीसरे युवक आशुतोष की तलाश में शाम 5 बजे तक रेस्क्यू में भी कुछ पता नहीं चलने पर रेस्क्यू रोक दिया गया। इसके बाद रात करीब 8 बजे दर्री डेम के किनारे एक मछुआरे ने पानी में शव देखा तो इसकी सूचना आसपास के लोगों सहित पुलिस को दी। स्ठक्रम्न की टीम ने मछुआरों की मदद से नाव के सहारे मौके तक पहुंच कर आशुतोष के शव को बरामद किया।

एक साथ डूबे तीनों दोस्तों के शव घटना के चौथे दिन एक-एक कर बरामद हुए। शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। तीन दिनों से जिन पथराई आंखों से परिजन अपने बेटे का इंतजार कर रहे थे,उनमें आँसू छलक पड़े और इनकी चीत्कार से अन्य लोगों का भी कलेजा दहल उठा और वे भी छलक पड़े। पुलिस ने पोस्टमार्टम उपरांत शवों को परिजनों के सुपुर्द किया गया। गमगीन माहौल में शुक्रवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री अलकरण से मिली राशि को शिक्षक ने बच्चों को सामाग्री देने में किया उपयोग



**कोरबा।** आदिवासी बाहुल्य जिले में शासकीय प्राथमिक शाला कारीछापर ब्लॉक पाली में पदस्थ शिक्षक संतोष कर्ष एक नवाचारी शिक्षक के रूप में जाने जाते हैं इसी वर्ष उन्हें उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन द्वारा मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण से सम्मानित किया गया है अलंकरण में मिली हुई राशि से उन्होंने आदिवासी बच्चों को जूते प्रदान किया उन्होंने देखा कि बच्चे नंगे पैर ही स्कूल आ जाते हैं तब इस राशि को उन्होंने इन बच्चों पर खर्च किया पिछले साल भी उन्होंने अपने मित्र की सहायता से 70 जोड़ियां जुते बच्चों को प्रदान किए थे वे बच्चों के शैक्षणिक गुणवत्ता को भी बनाए रखने के लिए समय-समय पर उन्हें नवोदय परीक्षा में बैठाकर उन्हें निशुल्क नवोदय की पुस्तक के प्रदान करवाते हैं उनके शिक्षा के प्रति योगदान को देखते हुए उनके मित्र उनकी मदद भी करते हैं उन्होंने स्कूल के लिए भौतिक सामग्री वाटर फिल्टर एलइडी प्रदान किए हैं समय-समय और बच्चों को स्कूली बैग जूते खेल सामग्री स्वेटर तरह-तरह के मौसम अनुकूल कपड़े पानी बोतल प्रदान कराते रहते हैं कार्यों का अनुकरण करते हैं

मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण से सम्मानित हुए शिक्षक संतोष कर्ष नवाचारी शिक्षक भी हैं उनके नवाचार को अन्य शिक्षकों द्वारा बहुत पसंद किया जाता है कबाड़ जुगाड़ प्रतियोगिता में भी वह ब्लॉक एवं जिला स्तर पर अपना परचम फर चुके हैं वे दिव्यांगों की मदद भी करते हैं और उनके लिए सहायता राशि जुटाते हैं शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें सीसीआरटी दिल्ली उदयपुर में भी विभिन्न प्रशिक्षण हेतु आमंत्रित किया गया था वे अपने जिले में एफएलएन के जिला स्तर और राज्य स्तर के मास्टर ट्रेन 'भी है उनके स्कूल से दो बच्चों का चयन एकलव्य आवासीय विद्यालय के लिए भी हुआ है आदिवासी बालक सूर्य प्रकाश नेटी का चयन गुरुकुल पेंड्रा के लिए हुआ है मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण मिलने से विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्यामानंद साहू ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक संतोष कर्ष बच्चों के लिए समय-समय पर कुछ ना कुछ नवाचार करते रहते हैं उनके इस कार्य से अन्य शिक्षक भी उत्साहित होकर आगे आते हैं। बीआरसी राम गोपाल जयसवाल जी ने कहा कि शिक्षक संतोष कर्ष ने शिक्षा के क्षेत्र में पाली ब्लॉक का नाम रोशन किया है शिक्षक संतोष कर्ष ने कहा कि आगे भी मेरा है अभियान प्रारंभ रहेगा आदिवासी बच्चों के लिए नहीं लगातार मेहनत करता ही रहूंगा और उन्होंने उनके मंजिल तक ले जाने में मदद करूंगा।

## ट्रैक्टर पलटने से वाहन चालक की दर्दनाक मौत

कोरबा। कोरबा जिले के उरगा थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। सराईडीह और पकरिया के मध्य में ट्रैक्टर पलटने से वाहन चालक की मृत्यु हो गई। मृतक का नाम दिलहरण यादव बरपाली निवासी बताया जा रहा है।पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा उस समय हुआ जब ट्रैक्टर मिट्टी से लदा हुआ था और अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन व ग्राम वासियों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई और पुलिस को सूचना दे दी गई है। पुलिस ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

### देवलापाठ के नरेन्द्र बनें निर्विरोध सरपंच

**कोरबा-करतला।** कोरबा जिले के रामपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत देवलापाठ से सरपंच प्रत्याशी नरेंद्र बिंझवार निर्विरोध निर्वाचित हुये हैं। नरेंद्र बिंझवार भाजपा के बरपाली मण्डल अध्यक्ष भी हैं।

हमारे समाचार सहयोगी ने बताया कि इस पंचायत से सरपंच के लिए दो प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था। इसके पश्चात गांव के प्रमुखों की आपसी समझाइश और सहमति के बाद दूसरे अभ्यर्थी ने नाम वापस ले लिया और इस तरह एकमात्र शेष प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

## बालको समेत पांच कंपनियों ने बनई-भालुमुंडा के लिए लगाई बोली

**कोरबा।** कोल ब्लॉक्स के 11 वें लॉट की नीलामी की शुरू हो चुकी है। इसमें 20 नई खदानों को रखा गया था। साथ ही दसवें राउंड से बची हुई सात माइंस भी अलग से थी। अब कोयला मंत्रालय ने बोली लगाने वाली कंपनियों की सूची जारी की है जिसमें रायगढ़ की दो खदानों के लिए छह कंपनियां आई हैं। धरमजयगढ़ की वेस्ट ऑफ बायसी के लिए इंड सिनर्जी एकमात्र कंपनी है।

कोयला मंत्रालय ने कमर्शियल माइनिंग के लिए नए कोल ब्लॉक्स को फिर से नीलामी के लिए उतारा है। अब तक हुई नीलामी में कई प्राइवेट कंपनियों ने कोल ब्लॉक्स हासिल किए हैं। इस वजह से कोल इंडिया पर से कोयला आपूर्ति का दबाव बेहद कम हो गया है। केंद्र सरकार ने दिसंबर में कोयला खदानों का 11 वां लॉट जारी किया था। इस खेप में कुल 20 कोल ब्लॉक्स को रखा गया था और रुचि रखने वाली कंपनियों से बोलियां मंगवाई थी। इसमें छत्तीसगढ़ की चार, महाराष्ट्र की तीन, मप्र की चार, झारखंड की पांच, अरुणाचल प्रदेश की दो और ओडिशा की दो कोल ब्लॉक हैं। छग की विजय सेंट्रल, चैनपुर, बनई और भालुमुड़ा हैं।

बनई और भालुमुड़ा तो रायगढ़ जिले की हैं। इसके अलावा सात ऐसे कोल ब्लॉक्स को भी शामिल किया गया है जो दसवें लॉट में नीलाम नहीं हो सकी थी। इसमें छग की दो, मप्र की तीन और ओडिशा की दो माइंस हैं। छग की भटगांव 2 एक्सटेंशन (बोझा) और वेस्ट ऑफ बायसी को शामिल किया गया है। वेस्ट ऑफ बायसी धर्मजयगढ़ में स्थित है। इनमें से 13 माइंस के लिए 40 कंपनियों ने बोली लगाई है। बनई और भालुमुंडा कोल ब्लॉक के लिए पीसीआईएल पावर एंड होल्डिंग्स लिमिटेड, भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड, दामोदर वैली कॉर्पोरेशन, जिंदल पावर लिमिटेड और रायगढ़ नेचुरल रिसोर्सेस लिमिटेड ने बोली लगाई है। वहीं वेस्ट ऑफ बायसी के लिए इंड सिनर्जी एकमात्र बिडर है। यह कोल ब्लॉक पहली बार में खाली रहा था। दूसरी बार इसे नीलामी के लिए रखा गया है। संभवतः इंड सिनर्जी को इस बार सफलता मिल जाए। विजय सेंट्रल के लिए जय अंबे रोडलाइंस की बोली कोरबा के विजय सेंट्रल कोल ब्लॉक के लिए छग की एक चर्चित कंपनी जय अंबे रोडलाइंस ने भी बिडिंग की है। सारडा एनर्जी ने भी मप्र के सेंदुरी कोल ब्लॉक के लिए बिड डाली है। रायगढ़ जिले में पहले से आवंटित करीब आधा दर्जन कोल ब्लॉक प्रक्रिया में हैं। इनसे उत्पादन प्रारंभ नहीं हो सका है।

## जिला पंचायत सदस्य के लिए अब 88 उम्मीदवार मैदान में

**कोरबा।** पंचायत चुनाव के मैदान में उतरने के बाद पूर्व विधायक मोहित राम केरकेट्टा और उनके पुत्र ने अपने कदम वापस खींच लिए हैं। इसे लेकर पंचायत की गलियों में कई तरह की चर्चाएं आम है। उनके इस तरह से अपने ही क्षेत्र में मैदान छोड़ देने से सवाल उठे हैं कि क्या वे इतने कमजोर हो गए हैं कि अपने क्षेत्र क्रमांक 12 से चुनाव नहीं लड़ना चाहतेत्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत कोरबा जिले में जिला पंचायत सदस्य पद के लिए निर्वाचन प्रक्रिया जारी है। गुरुवार को 100 में से 12 अभ्यर्थियों ने अपने नाम वापस ले लिए, जिसके बाद अब 12 जिला पंचायत सदस्यों के लिए 88 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं।नाम वापसी के तहत निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 2 से रितु सारथी और नीलिमा घृतलहरे, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 4 से सोनाऊ राम देवांगन, विनोद कुमार साहू, जगदीश यादव, सावित्री मन्नेवार, प्रमोद कुमार राठौर एवं किशन लाल साव, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 7 से श्रीमती कुमारी बसंत पटेल, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 8 से सविता मरकाम तथा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12 से शंकर मोहित राम केरकेट्टा और मोहित राम केरकेट्टा ने अपने नाम वापस लिए हैं। बता दें कि मोहित राम केरकेट्टा पाली-तानाखार विधानसभा से कांग्रेस के पूर्व विधायक रहे हैं और उनके पुत्र शंकर ने भी नामांकन दाखिल किया था।नाम वापसी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद जिला पंचायत के रिटर्निंग अधिकारी एवं सीईओ दिनेश कुमार नाग ने पंचायत राज अधिनियम एवं शासन के निर्देशानुसार प्रत्याशियों को चुनाव प्रतीक चिन्ह आवंटित किए। इसके अलावा, अभ्यर्थियों एवं मतदान अभिकर्ताओं को परिचय पत्र भी प्रदान किए गए। चुनाव में वाहनों के उपयोग के लिए प्रत्याशियों को रिटर्निंग अधिकारी से अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

### चुनाव में उतरा दिलराज

**कोरबा/पाली।** जनपद पंचायत पाली के ग्राम पंचायत पोटापानी में गत 2020- 21 के पंचायत चुनाव में पहली बार निर्वाचित हुई महिला सरपंच श्रीमती पुष्पा मरकाम, जिन्होंने पति दिलराज मरकाम से प्रेरणा लेकर गृहणी से आगे आकर ग्रामीण राजनीति व समाजसेवा की दिशा में कदम रखी व विकास कार्यों से पंचायत में बदलाव लाने के साथ सामाजिक सरोकार से जुड़कर भी जरूरतमंदों को हरसंभव योगदान दी।

## कापू बाहरा पंचायत में सरपंच एवं पंचो का हुआ निर्विरोध चयन



**कोरबा।** पोंडी-उपरोड़ा जनपद के कापूबाहरा ग्राम में सरपंच और पंचों का निर्विरोध चयन हुआ है। यह एक प्रेरणादायक कदम है, जिसमें गाँव के मतदाताओं ने लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक अहम भूमिका निभाई।कापूबाहरा ग्राम पंचायत में सरपंच का चयन निर्विरोध रूप से किया गया है। सरपंच के रूप में कृपाशंकर नेटी को चुना गया। उनके चयन के साथ ही गाँव में शांति और एकता का माहौल है। पंचों का निर्विरोध चयन सिर्फ सरपंच ही नहीं, बल्कि कापूबाहरा के सभी 10 पंचों का भी निर्विरोध चयन हुआ है। पंचों में शामिल हैंः चन्द्रकुमारी पटेलबिहारीबाई पटेलगंगाप्रसाद पटेलराजेश पाल कुसरोशशिकला आर्मोरमला बाई कंवरसहोदरी बाई श्याममुरारी सिंह मरावीपद्मा बाई पटेलअय्यर अशोक कुमार पटेल समुदाय का प्रभावकापूबहरा ग्राम में पटेल समाज का दबदबा है और इस समाज के मतदाताओं ने निर्णायक भूमिका निभाई। पंचायत चुनाव में पटेल समाज का समर्थन निर्णायक साबित हुआ। कापूबहरा ग्राम पंचायत का इतिहास कापूबहरा ग्राम पंचायत पाँच साल पहले अस्तित्व में आई थी। यह पंचायत सुतर्रा पंचायत से विभाजित होकर बनी थी। यह दूसरी बार है जब कापूबहरा में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हो रहा है, और दोनों बार यहाँ के जनप्रतिनिधियों का निर्विरोध चयन हुआ है। इस तरह गाँव के मतदाताओं ने एक प्रेरणादायक परिपाटी की शुरुआत की है, जिसमें लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्विरोध चयन की परंपरा को स्वीकारा गया। इस पहल ने पूरे क्षेत्र में एक नई दिशा दी है, जहाँ गाँव के लोग समाज और शासन में अपना योगदान देने के लिए सक्रिय हो रहे हैं। ग्राम पंचायत कापबाहरा दुसरी बार हुआ सरपंच एवं पंच पूरा वार्ड निविरोध इसमें विशेष सहयोग रहा महेत्ता राम, विरसिंह, श्याम गोपाल चंन्द्र कुमार गंगाप्रसादा लक्ष्मीनारायण, दिलेशर बहारन , अशोक , मोहितराम ,सुरितराम, जनकराम, दिनेशराम , कमल सिंह, पदुम सिंह, एवं बिजूराम एवं ग्राम के समस्त ग्रामवासी, महिला समिती का सहयोग रहा ।

## अनमोल वचन......

**दो सबसे महान चिकित्सक है परमात्मा और समय**

# वक्फ संपत्ति पर विवाद

वक्फ कानून में संशोधन को लेकर बनाई गई संयुक्त संसदीय समिति की आखिरी बैठक में जबरदस्त हंगामा हुआ। दस विपक्षी सदस्यों को निलंबित करने के बाद बैठक सुचारू रूप से चली।

भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए के चौदह प्रस्ताव पारित कर दिए, जबकि विपक्ष के तरफ रखे सभी 44 प्रस्ताव खारिज कर दिया गया। वक्फ बोर्ड से प्रस्तावित दो गैर-मुस्लिम सदस्यों को हटाने के सुझाव प्रमुख थे, जिन्हें नामित करने को अनिवार्य बनाने का प्रस्ताव है। वक्फ संपत्ति पर विवाद होने पर कलेक्टर स्तर का अधिकारी जांच करेगा। यह कानून पिछले मामलों पर लागू नहीं होगा। जो वक्फ की संपत्तियां पंजीकृत नहीं हैं, उनका पंजीकरण शुरू होगा।

जिन संपत्तियों पर वक्फ का कब्जा है, वे वापस मालिकों को मिल सकेंगी। आरोप लगाया जा रहा है कि ये प्रस्तावित कानून विधेयक के दमनकारी चरित्र को बरकरार रखेगा और मुसलमानों के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप करने प्रयास करेगा। विपक्ष इसका विरोध कर रहा है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को चोट पहुंचाने का आरोप लगा रहा है। वे संसद से मंजूरी मिलने पर सुप्रीम कोर्ट जाने की धमकी दे रहे हैं।

जैसा कि भाजपा कांग्रेस के वोट बैंक की राजनीति में सुराख करने व गरीब मुसलमानों को उनका हक दिलाने के नाम पर इसे कानून बनाने की मशक्कत लंबे समय से कर रही है। तमाम विरोधों के बावजूद कुछ लोग कब्रिस्तान में होने वाले अतिक्रमणों व जबरन की जा रही अनधिकृत कब्जेदारी से निजात पाने के लिए इस निर्णय से खुश भी हैं। वक्फ संपत्तियों के प्रशासन व प्रबंधन के उद्देश्य से संशोधन विधेयक 2024 को लेकर अभी भी बड़ी चुनौतियां बनी हुई हैं। अनुमान है कि 2009 में वक्फ के पास चार लाख एकड़ जमीन थी, जो आठ लाख एकड़ तक जा पहुंची है। इनमें कब्रगाहों के अतिरिक्त मदरसों व मस्जिदों की जमीनें बताई जाती हैं। हालांकि धारा 104ए पहले ही वक्फ संपत्ति की बिक्री, उपहार, किसी भी तरह के बंधन या हस्तांतरण को प्रतिबंधित करता है। मगर वक्फ को दिए गए अधिकारों को लेकर लगातार सवाल उठाए जाते रहे हैं।चूंकि मोदी सरकार समुदाय विशेष के साथ पक्षपाती रवैया रखती है इसलिए उसके द्वारा लिए गए कोई भी निर्णय संदेह से परे नहीं माने जाते। विपक्ष को अपनी बात सलीके से रखनी चाहिए परंतु उसकी अनसुनी किया जाना तर्कसंगत नहीं कहा जा सकता। समिति को एकतरफा निर्णय लेने की बजाए मध्यमार्ग अपनाने के प्रति जबावदेह होना चाहिए।

# विजयवर्गीय विरोधी गुट के पक्ष दिल्ली में मोर्चा संभाले हुए थे जगत मामा

//नितिनमोहन शर्मा//

**शिवराज-कैलाश के बीच की तल्ख़ी हैं कि कम होने का नाम ही नही ले रहीं। ज़िले के अध्यक्ष पद जैसी छोटी बात पर भी ये तल्ख़ी छुप नही पाई। प्रदेश सरकार में मंत्री या प्रदेश अध्यक्ष जैसा कोई मामला होता तो समझ भी आता। लेकिन इंदौर भाजपा की कप्तानी जैसी बात पर विजयवर्गीय को उनके ही घर में घेरने के लिए जगत मामा ने श्रीमंत का साथ भी जुटा लिया और ताई-भाई की लड़ाई को फिर से जीवित भी कर दिया। सफ़लता फ़िर भी पूर्णरूपेण हाथ नही आई। सिवाय विजयवर्गीय का ब्लडप्रेशर ऊपर नीचे करने और इंदौर का फ़ैसला सबसे अंत तक खिंचाने के अलावा इस घेराबंदी का कोई लाभ नही मिल पाया। उलटे इस बात का खुलासा भी हो गया कि भविष्य में विजयवर्गीय की राह में प्रदेश से जुड़े कौन तीन बड़े नेता आड़े आएंगे।**

किसी ज़माने के अभिन्न मित्र शिवराज सिंह चौहान और कैलाश विजयवर्गीय के बीच अदावत अब भी बरक़रार हैं। यह अदावत पूर्व मुख्यमंत्री की दिल्ली की नई भूमिका के बाद भी कम नही हुई हैं। इस अदावती का खुलासा इंदौर ज़िले में करीब डेढ़ महीनें चली ज़िले व शहर के अध्यक्ष पद की लड़ाई से हुआ। लंबी चली इस लड़ाई का कारण ही ये रहा कि दिल्ली में शिवराजसिंह ने ही विजयवर्गीय विरोधी खेमे के पक्ष में मोर्चा संभाल रखा था। केंद्रीय संगठन के समक्ष इंदौर की बात वे ही रख रहें थे।

इस काम के लिये पूर्व मुख्यमंत्री ने वैसे ही दिल्ली में भी गुट बना लिया था, जैसा उनके इशारे पर इंदौर में विधायकों के एक गुट ने डॉ मोहन यादव के सत्तानशीन होते ही बना रखा हैं। दिल्ली में कैलाश विजयवर्गीय विरोधी खेमे को मजबूती देने के लिए उन्होंने ताज़ा ताज़ा भाजपा में आये केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का भी साथ लिया। इस कारण अध्यक्ष की लड़ाई न सिर्फ लंबी चली, बल्कि सबसे आख़िर में ही अपने इंदौर का फ़ैसला हो पाया।

जगत मामा यही नही रुके। उन्होंने दिल्ली में अपनी बात में वजन बढ़ाने के लिए शहर की आठ बार की सांसद व पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन का भी साथ लिया था। ताई-भाई की पुरानी लड़ाई को जीवित करते हुए जगत मामा ने घर बैठी वयोवृद्ध नेता को भी दांव पर लगाया। ताई ने वीटो भी लगाया। बावजूद इसके मामा गुट सफ़लता मनोनुकूल नही मिल पाई। ज़िले में बदलाव तो हुआ लेकिन मनोनुकूल नही हो पाया। शहर कैलाश विजयवर्गीय के पाले में ही आया। ज़िले में भी ऐसा अध्यक्ष सामने आ गया, जिसकी रत्तीभर भी कल्पना न शिवराज ने की थी, न बड़े गांव के मौजूदा विधायक ने की थी।

इस लड़ाई में घर बैठे ही बड़ा नुकसान मन्त्री तुलसी सिलावट का भी हो गया जो अब तक टकराव की राजनीति से सदैव दूर रहते आये। चाहे फ़िर वो पुराना दल कांग्रेस हो या नई भाजपा। लेक़िन पहलवान को भी अपने श्रीमंत के लिये वो करना पड़ा, जो वे कम से कम कैलाश कैम्प के साथ तो कभी करते नहीं। ज़िले की इस लड़ाई का असर 2028 में कम से कम सांवेर में तो साफ़ नज़र आना तय हैं। असर देपालपुर-महू में भी होगा।

मामला चिंटू वर्मा को पुनः जिलाध्यक्ष बनाने से जुड़ा हुआ था। वर्मा का दांवा प्रदेश भाजपा की संगठन चुनाव की उस नीति के तहत था, जिसमे तय हुआ था कि ऐसे जिलाध्यक्ष बदले नही जाएंगे, जिनकी नियुक्ति को सालभर नही हुआ। चिंटू इसी सालभर कोटे में थे। लिहाज़ा उनका बनना लगभग तय था लेक़िन अकस्मात ज़िले में चिंटू का विरोध उभर आया, जो रायशुमारी तक नेपथ्य में था। मंत्री सिलावट को इसका अगुवाकार करार दिया गया। तब किसी को भरोसा नही हुआ। क्योंकि मंत्री सिलावट का तालमेल कैलाश कैम्प बेहतर व मजबूत था।

देखते ही देखते सिलावट के साथ जिले के दो अन्य विधायकों का साथ भी जुड़ गया। देपालपुर विधायक मनोज पटेल का जुड़ना स्वभाविक था। उनकी पटरी विजयवर्गीय से शुरू से नही बैठी। ऐसा ही महू विधायक उषा ठाकुर का नाता विजयवर्गीय से रहा। लिहाज़ा ज़िले के तीनों विधायक चिंटू के विरोध में क़रार दे दिए गए। इस बेक़रारी की पैरवी पूर्व मुख्यमंत्री चौहान ने दिल्ली में संभाल ली और वे इस विरोध को केंद्रीय संगठन के अहम नेता की चौखट तक ले पहुँचे। बताया गया कि जब विधायक नही चाह रहे तो फ़िर चिंटू की ज़िद क्यों। ये तर्क असरकारी रहा और विजयवर्गीय विरोध रंग ले आया। लेक़िन ये रंग आंशिक ही रहा।

बड़े नेताओं लड़ाई में सिलावट, पटेल का हो गया नुकसान

चिंटू वर्मा के विधायकों के विरोध बात जँची तो केंद्रीय नेतृत्व ने विजयवर्गीय से भी बात की और वैकल्पिक नाम मांगे। अपने ख़िलाफ़ हुई इस मुख़ालफ़त को जान कैलाश कैम्प ने तीन नाम दिल्ली रवाना किये। ये तीनो नाम विरोध करने वालों के लिए बम जैसे गिरे। इसमे महू से सन्तोष पाटीदार, सांवेर से सावन सोनकर और देपालपुर से श्रवण सिंह चावड़ा का था। यानी ज़िले की तीनों तहसीलों से वैकल्पिक नाम रख दिये गए। अब महू विधायक पाटीदार के नाम से तो सहमत होने से रही। ये ही हाल पहलवान के भी हो गए। वे कैसे सोनकर परिवार की विरासत को सांवेर में फ़िर से जिंदा करते। मन्त्री महोदय को खुलासा फर्स्ट ने वक्त रहते आगाह भी किया था कि ज़िले में बदलाव हुआ तो सांवेर की विरासत सामने आ जायेगी। ले देकर श्रवण रह गए और मनोज उलझ गए। वे चिंटू का विरोध करने के फेर में नुकसान में हो गए। क्योकि ताज़ा जिलाध्यक्ष से उनके रिश्ते अरसे से असहज ही हैं। कैलाश कैम्प की तरफ से चावड़ा के नाम की पैरवी मिशन 2023 में बड़े गांव से हो चुकी हैं। नतीज़तन ज़िले की इस लड़ाई में मिशन 2028 की ज़मीन तैयार कर दी हैं, जिससे अब सिलावट भी अछूते नही रहना हैं।

# कवि प्रदीप का जन्म मध्यप्रदेश के बड़नगर

//रमेश शर्मा //

**भारतीय स्वाधीनता संग्राम में करोड़ो प्राणों के बलिदान हुये । ये बलिदान साधारण नहीं थे । पर इन बलिदानों केलिये आव्हान करने वाले शब्द साधकों की भी एक धारा रही है जिन्होंने अपने शब्दों की शैली और गीतों के माध्यम से राष्ट्र जागरण का अभियान छेड़ा। यह अभियान स्वतंत्रता के पहले भी चला और स्वतंत्रता के बाद भी । अपनी रचनाओं से राष्ट्र जागरण करने वालः ऐसे ही कालजयी रचनाकार हैं कवि प्रदीप। जिन्होंने जीवन भर अपने ओजस्वी गीतों से पूरे राष्ट्र चेतना की अलख जगाई। स्वतन्त्रता के पूर्व यदि उनके गीतों में संघर्ष केलिये आव्हान था तो स्वाधीनता के बाद राष्ट्र निर्माण की उत्प्रेरणा । स्वाधीनता के पूर्व -दूर हटो ये दुनियाँ वालो ये हिन्दुस्तान हमारा है । और स्वतंत्रता के बाद- ऐ मेरे वतन के लोगो जरा आँख में भर लो पानी जैसे अमर गीत के रचयिता कवि प्रदीप ही हैं । वे दुनियाँ के उन विरले गीतकारों में से हैं जिनका हर गीत लोकप्रिय हुआ । उन्होंने दो हजार से अधिक गीत लिखे इसमें लगभग 1700 गीत फिल्मों में आये । और राष्ट्र भक्ति के ही सौ से अधिक गीत हर देशवासी की जुबान पर चढ़ गये ।**

ऐसे अमर गीतों के गीतकार कवि प्रदीप का जन्म 6 फरवरी 1915 को मध्यप्रदेश में उज्जैन जिले के अंतर्गत बड़नगर में हुआ। उनके पिता रामचंद्र द्विवेदी आर्य समाज से जुड़े थे । घर में राष्ट्रसेवा सांस्कृतिक गरिमा का वातावरण था । इसलिये प्रदीपजी मन और विचार बचपन से राष्ट्र और संस्कृति चेतना से भरे थे । उनकी प्रारंभिक शिक्षा बड़नगर में ही और उच्चशिक्षा लखनऊ में हुई।

कविताएं लिखने का शौक उन्हे बचपन से था । वे एक दृश्य देखकर अथवा कोई प्रसंग सुनकर बहुत प्रभावी गीत या कविता रच देते थे। उनकी इसी विधा ने पढ़ाई के दौरान लखनऊ विश्वविद्यालय में लोकप्रिय हो गये । पढ़ाई के दौरान ही उनकी भेंट उस समय के एक प्रखर और प्रभाव शाली कवि गिरिजा शंकर दीक्षित से हुई । दीक्षित जी अपने समय में कवि सम्मेलनों के लोकप्रिय कवि और उनके शिक्षक भी थे । उनके मार्गदर्शन गीत जीवन की यात्रा आरंभ हुई ।

प्रदीपजी ने 1939 में स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण की और शिक्षक बनने की तैयारी भी । पर गीत रचना निरन्तर रही । उनके शिक्षक दीक्षित जी के पिता बलभद्र प्रसाद जी भी अपने समय के लोकप्रिय गीतकार थे । और उनके कुछ गीत फिल्मों में आये । वे प्रदीप जी के गीतों से बहुत प्रभावित थे । उन्ही दिनों प्रदीपजी ने चल चल रे नौजवान एक गीत लिखा। दीक्षित जी ने यह गीत मुम्बई भेज दिया । यह गीत एक फिल्म नौजवान में आ गया । फिल्म लोकप्रिय हुई और गीत भी । यह फिल्म 1940 में रिलीज हुई थी । इस गीत के साथ प्रदीप जी रातोंरात पूरे देश में लोकप्रिय हो गये । 1942 में उनका दूसरा गीत मानों भारत छोड़ो आंदोलन का एक मंत्र बन गया । यह गीत था आज हिमालय की चोटी से फिर हमने ललकारा है । यह गीत समाज को आव्हान करने वाला था आँदोलन के दौरान उस समय हर गली चौराहे पर गाया गया । 1944 में उनके एक और गीत दूर हटो ऐ दुनिया वालो, यह हिन्दुस्तान हमारा है ने फिर पूरे देश में तहलका मचा दिया । अंग्रेजी सरकार ने उनके गीतों को भड़काने वाला माना और गिरफ्तारी वारंट जारी हो गया । कवि प्रदीप गिरफ्तारी से बचने के लिए भूमिगत हो गये । बाद में फिल्म निर्माताओं ने मध्यस्थता की और प्रशासन को फिल्म स्क्रिप्ट केलिये इन गीतों की आवश्यकता बताई तब जाकर वारंट निरस्त हुआ । प्रदीप जी ने स्वतंत्रता के बाद जागृति जैसी फिल्मों के लिये नये अंदाज से गीत लिखे । हम लाए हैं तूफान से किश्त निकल के आज भी लोकप्रिय है । उन्होंने 1954 में बच्चों को समझाया कि आओ बच्चों तुम्हें दिखाये झाँकी हिन्दुस्तान की । इस गीत में भारत के गौरवमयी अतीत की मानों एक झाँकी थी । स्वतंत्रता की इस यात्रा के बीच ही 1962 में भारत चीन युद्ध आ गया । उस युद्ध में भारतीय सैनिकों ने कितनी विषम परिस्थिति में भारत राष्ट्र की रक्षा की । वे कहानियाँ दिल को दहलाने वाली है । सैनिकों के बलिदान पर उनका गीत ऐ मेरे वतन के लोगो, जरा आँख में भर लो पानी की रचना की । जिस भाव से प्रदीप ने इस गीत की रचना की उसी भावना से लता जी ने गाया । इस गीत के बोल आज भी हृदय को छू जाते हैं। यह गीत देश भक्ति के गीतों में अग्रणी माना गया । भारत सरकार ने उन्हे राष्ट्र कवि के सम्मान से सम्मानित किया ।

26 जनवरी 1963 को आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में लता जी ने प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू की उपस्थिति में यह गीत गाया । नई दिल्ली में आयोजित इस राष्ट्रीय गणतंत्र समारोह में ऐसा कोई नहीं था जिसकी आँख में आँसू न आये हों। प्रदीप ने इस गीत की रॉयल्टी को सैनिकों की विधवा सहायता कोष यनि वॉर विडो फंड में जमा करने की घोषणा की । पर गीत के अधिकार रखने वाली कंपनी एच एम वी ने समय पर पैसा जमा नहीं किया । और मामला कोर्ट में गया । एक लंबी कानूनी लड़ाई के बाद 25 अगस्त 2005 को बॉम्बे हाई कोर्ट ने एचएमवी कंपनी को रॉयल्टी के बकाया के रूप में 1 मिलियन रुपये का भुगतान करने का आदेश दिया। देश भक्ति मानों प्रदीप जी के रक्त में थी । 1987 में प्रदीप जी ने कहा था- कोई भी आपको देशभक्त नहीं बना सकता। यह आपके खून में होती है। आप इसे देश की सेवा के लिए कैसे लाते हैं जो आपको अलग बनाता है। सतत शब्द साधना और अपने गीतों से राष्ट्र साधना में रत प्रदीप जी ने अंततः 11 दिसम्बर 1998 को 83 वर्ष की आयु में इस संसार से विदा ली ।

# आखिर पटरी पर रेल की विसनीयता कब कायम होगी?

भारतीय रेल को अंतरराष्ट्रीय स्तर की तकनीकी गुणवत्ता से पूर्ण बनाए जाने के दावों और वादों के बावजूद रेल दुर्घटनाएं घट रही हैं। आखिर पटरी पर रेल की विसनीयता कब कायम होगी। पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह के बाद नीचे उतरे यात्रियों को दूसरी ट्रेन ने रौंद डाला। हादसे में 13 यात्रियों की मौत हो गई। एक तरफ भारत ने मोदी युग में रेल में इतना विकास कर लिया है कि वंदे-भारत एक्सप्रेस रेल यूरोपीय, अमेरिकी और एशियाई देशों में निर्यात होने के दावे किए गए। रेल सुरक्षा की दृष्टि से अनेक तकनीकी उपाय भी किए गए, लेकिन इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि कभी तकनीकी गड़बड़ी, कभी किसी कर्मचारी की लापरवाही या संकेतक की चूक से हादसे निरंतर हो रहे हैं।

अफवाह से भी अपवादस्वरूप घटना घट जाती है। बावजूद रेल सुरक्षा से जुड़े तकनीकि विकास में हम अभी भी पिछड़े हुए हैं। हमने रेल की गति तो बहुत बढ़ा दी, लेकिन भारत में ही विकसित जो स्वदेशी स्वचालित सुरक्षा प्रणाली कवच' है, उसे अभी पूरे देश में नहीं पहुंचा पाए हैं। फिलहाल रेलवे नेटवर्क में केवल 1455 किमी रेल लाइनों पर ही यह सुविधा काम कर रही है। ज्यादातर रेल हादसे ठीक से इंटरलॉकिंग नहीं किए जाने और मानवरहित रेलवे पार-पथ पर होते रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के केंद्रीय सत्ता पर आसीन होने के बाद ये दावे बहुत किए गए कि डिजिटल इंडिया और स्टार्टअप के चलते रेलवे के हादसों में कमी आएगी। इसरो ने अंतरिक्ष में उपग्रह छोड़ते समय ऐसे बहुत दावे किए हैं कि रेलवे को ऐसी सतर्कता प्रणाली से जोड़ दिया गया है, जिससे मानव रहित फाटक से रेल के गुजरते समय या ठीक से इंटरलॉकिंग नहीं होने के संकेत मिल जाएंगे। नतीजतन रेल चालक और फाटक पार करने वाले यात्री सतर्क हो जाएंगे, लेकिन इसी प्रकृति के एक के बाद एक रेल हादसों के सामने आने से यह साफ हो गया है कि आधुनिक कही जाने वाली डिजिटल तकनीक से दुर्घटना के क्षेत्र में रेलवे को कोई खास लाभ नहीं हुआ है। बावजूद रेलवे के आला अफसर दावा कर रहे थे कि पिछले तीन साल में छोटे-मोटे हादसों को छोड़ दिया जाए तो कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, जबकि ओडिसा के बालासोर में दो सवारी गाड़ियों और एक मालगाड़ी की टक्कर में 290 लोगों की मौत हुई थी और 1100 से ज्यादा यात्री घायल हुए थे। भारतीय रेल विश्व का सबसे बड़ा व्यावसायिक प्रतिष्ठान है, लेकिन इस ढांचे को फिलहाल विस्तरीय नहीं माना जाता। गोया इसकी संरचना को विस्तरीय बनाने की दृष्टि से कोशिशें तेज होने के साथ अंजाम तक भी पहुंच रही हैं। फिलहाल देश में रेलवे विकास एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) और इसरो की मदद से अनेक तकनीकी सुरक्षा पणालियां अस्तित्व में लाई गई हैं। इसरो के साथ शुरू की गई परियोजना के अंतर्गत एक ऐसी सतर्क सेवा शुरू की गई है, जिसके तहत चौकीदार रहित क्रॉसिंग के चार किमी के दायरे में आने वाले सभी वाहन-चालकों और यात्रियों को हूटर के जरिए सतर्क रहने की चेतावनी दी जाने लगी है।

# राशिफल

**मेष राशिः** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज कुछ मुश्किलें रहेंगी, लेकिन आप सकारात्मक सोच रख कर उनका हल निकाल लेंगे। घर में व्यवस्था बनाए रखने तथा रखरखाव संबंधी कार्यों में व्यस्तता रहेगी। किसी नजदीकी व्यक्ति की समस्या में उसका सहयोग करने से खुशी मिलेगी। लवमेट के लिए आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम से इम्प्रेस होकर आपकी तारीफ़ करेंगे।

**वृष राशिः** आज आपका दिन लाभदायक रहगा। अपनी काबिलियत के दम पर अच्छे लोगों के साथ रिश्ते को मजबूत बनायेंगे। किसी भी कार्य में दूसरों की मदद से अपेक्षा न करें तथा अपनी योग्यता पर ही विश्वास रखें, आपको निश्चित फायदा होगा। वित्तीय मामलों को लेकर लिया गया निर्णय फायदेमंद साबित होगा।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन एक नई उमंग लेकर आएगा। इस राशि की महिलाएं अपने मान-सम्मान को लेकर विशेष रूप से सजग रहेंगी तथा दूसरों की बातों में न आकर अपने निर्णय को ही प्राथमिकता देंगी। आपके काम को लेकर आपके परिवार वाले तारीफ करेंगे, आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपको अपने मेहनत का फल जरूर मिलेगा। अपनी समझदारी से आप फालतू के खर्चों से बच सकते हैं।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। कारोबारी गतिविधियों में समय अनुसार बदलाव की जरूरत है। इलेक्ट्रॉनिक्स का सामान खरीदने का विचार बना रहे, लोगों के लिए आज अच्छा समय है। परिवारजनों के साथ सुखद समय व्यतीत होगा, आज मनोरंजन का प्रोग्राम बनेगा। आज आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज कुछ अच्छे लोगों से आपकी मुलाकात हो सकती है। किसी काम में उनकी मदद भी मिलेगी। आप कुछ नए विचारों पर काम करेंगे। ये विचार आपको अधिक मुनाफा देंगे। आप अपने स्वास्थ्य का पूरा ख्याल रखेंगे। अपने लक्ष्य पर फोकस करेंगे तो जल्दी ही आपको सुखद परिणाम मिलेंगे। कठिन से कठिन कार्य को आप अपने दृढ़ निश्चय से पूरी करने की क्षमता रखेंगे।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन शानदार रहेगा। जॉब के लिए आपको किसी अधिकारी का पूरा सहयोग मिलेगा। तरक्की के नए रास्तें खुलेंगे। ऑफिस में सब आपके काम की तारीफ करेंगे, बॉस आपको शाबाशी देंगे। राजनीति में आपको कुछ नया अनुभव मिलेगा। आज आप किसी धार्मिक फंक्शन में जा सकते हैं, जहां दोस्तों से मुलाकात होगी। परिवार में सुख शांति बनी रहेगी।

**तुला राशिः** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज अनावश्यक खर्चों पर कटौती करने से आपकी आर्थिक समस्या काफी हद तक सुलझ सकती है। आप अपनी महत्वपूर्ण वस्तुएं संभाल कर रखें। कारोबारी गतिविधियां व्यवस्थित रहेगी, लेकिन लेनदेन संबंधी मामलों को सावधानी रखें। स्टूडेंट्स का दिन आज बिजी रहेगा, अपने काम को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। आप आपको फिजूल की बहस से बचने की जरूरत है।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन बेहतर रहेगा। आप अपने विनम्र व्यवहार से सबका दिल जीतेंगे। किसी भी चुनौती का आप सूझबूझ से समाधान निकाल लेंगे। व्यस्तता के बावजूद आप अपने व्यक्तिगत कार्यों को भी सहज तरीके से निपटा लेंगे। आज लाभ के मौके मिलने पर ज्यादा सोच-विचार करने के बजाय तुरंत उसे हासिल करें। खर्चों के साथ-साथ अपनी आर्थिक स्थिति का भी ध्यान रखना जरूरी है।

**धनु राशिः** आज आपका दिन लकी रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स को ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। सफलता के अच्छे अवसर जल्द ही मिलेंगे। आज सरकारी नौकरी में चल रही समस्याओं का समाधान मिलेगा। घर के वरिष्ठ सदस्यों के स्वास्थ और मान-सम्मान का ध्यान जरूर रखें तथा उनके मार्गदर्शन पर अमल करें।

**मकर राशिः** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। प्रियजनों से मिलना आपके लिए खुशी का माहौल बनाएगा। आपको आपकी मनपसन्द वस्तु मिलेगी, जिससे आप बहुत ही अधिक प्रसन्न होंगे। आज पिछले कुछ समय से चल रही समस्या का समाधान मिलेगा और आप अपने अन्य कामों पर भी ध्यान दे पाएंगे। परिवारजनों के साथ घर के रखरखाव संबंधी योजनाएं बनेंगी।

**कुंभ राशिः** आज आपका दिन बेहद खुशनुमा रहेगा। आज अत्यधिक व्यस्तता के बावजूद आप परिवार और व्यवसाय में उचित सामंजस्य बनाकर रखेंगे। अपना उत्साह बनाए रखें क्योंकि लापरवाही की वजह से कई मौका हाथ से निकल जाएंगे। कारोबार में नई गतिविधियों पर काम करने के लिए दिन अच्छा है, लेकिन अच्छे नतीजे के लिए धैर्य रखना होगा।

**मीन राशिः** आज आपका दिन सुनहरा रहेगा। वरिष्ठ जनों का मार्गदर्शन मिलने की वजह से कई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में आपको आसानी होगी। भावनाओं में बहकर आप अपनी महत्वपूर्ण बात किसी के साथ शेयर न करें।

# तस्वीरों की दुनिया



लोकसभा में समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्यों ने उत्तर प्रदेश के मिल्कीपुर निर्वाचन क्षेत्र में विधानसभा उपचुनाव के दौरान चुनाव आयोग के कथित पक्षपात के खिलाफ विरोध जताने के लिए चुनाव आयोग लिखी एक सफेद चादर उठाई।



वामपंथी दलों के सांसदों ने नई दिल्ली में अमेरिका से निर्वासित अवैध भारतीय प्रवासियों के साथ किए जा रहे व्यवहार के खिलाफ संसद के प्रवेश द्वार के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के साथ चंद्रगिरि तीर्थ स्थल पर प्रथम समाधि स्मृति महोत्सव एवं श्री 1008 सिद्धचक्र विधान विश्व शांति महायज्ञ में शामिल हुए और राजनांदगांव में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अपनी पत्नी के साथ प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला 2025 के दौरान गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान करते हुए।



भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने नई दिल्ली के रायसीना रोड पर अमेरिका से कथित अवैध भारतीय प्रवासियों के निर्वासन के विरोध में विरोध प्रदर्शन किया



लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर यूजीसी के मसौदा नियमों के विरोध में डीएमके छात्र विंग को संबोधित किया।

# यह तो गुंडागर्दी है, शेख मुजीबुर्रहमान के आवास पर हुआ हमला तो भारत ने युनूस सरकार को सुनाई खरी-खरी



**नईदिल्ली, 07 फरवरी [एजेंसी]।**

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के पिता शेख मुजीबुर्रहमान के ऐतिहासिक आवास पर बुधवार रात आगजनी और तोड़फोड़ की गई। बुधवार रात को प्रदर्शनकारियों ने राजधानी के धानमंडी क्षेत्र में मुजीबुर्रहमान के घर के सामने रैली की थी। यह रैली इंटरनेट मीडिया पर बुलडोजर जुलूस के आह्वान के बाद की गई। हसीना के भारत से एक ऑनलाइन संबोधन के विरोध में यह कदम उठाया गया था। इस घटना से जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए। वहीं, इस घटना पर भारत की ओर से भी चिंता जाहिर की गई है। भारत ने इस घटना को गुंडागर्दी करार दिया है। भारत की यह प्रतिक्रिया गुरुवार शाम को आई। उससे पहले दिन में बांग्लादेश की सरकार ने ढाका में भारत के कार्यवाहक उच्चायुक्त को तलब कर देश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के वर्चुअल भाषण को लेकर अपनी आपत्ति जताई।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, यह बहुत ही दुख की बात है कि बांग्लादेश में अत्याचार और बाहरी आक्रमण के विरोध का साहसिक विरोध के प्रतीक शेख मुजीबुर्रहमान के ऐतिहासिक आवास को आग के हवाले कर दिया गया। जो लोग बांग्लादेश में आजादी की लड़ाई के मूल्यों को समझते हैं और बांग्ला पहचान व गर्व को मानते हैं, वे बांग्लादेश की राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने में शेख मुजीबुर्रहमान के आवास के महत्व को समझते हैं।

गुंडागर्दी की कार्रवाई की कड़े शब्दों में निंदा करनी चाहिए। वर्तमान में मुजीबुर्रहमान के आवास को संग्रहालय के तौर पर स्थापित किया गया था। शेख हसीना ने वर्चुअल तरीके से यह भाषण भारत से दिया था। बांग्लादेश ने इस भाषण को लेकर भारत से अनुरोध किया है कि वह शेख हसीना की गतिविधियों पर रोक लगाए। इससे बांग्लादेश में अस्थिरता का माहौल पैदा हो रहा है।

## ईपीएफओ पेंशन के दायरे में आएंगे गिग वर्कर्स कैबिनेट की मंजूरी के लिए जल्द भेजा जाएगा प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन उपभोक्ता सेवाएं दे रही एग्रिगेटर कंपनियां के प्लेटफॉर्म पर काम कर रहे एक करोड़ से अधिक गिर्ग वर्कर्स को ईपीएफओ पेंशन सुविधा के दायरे में लाया जाएगा। समझा जाता है कि श्रम मंत्रालय ने गिर्ग वर्कर्स को ईपीएफओ पेंशन सुविधा देने के प्रस्ताव का मसौदा लगभग तैयार कर लिया है, जिसे जल्द ही केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। बिना किसी सामाजिक सुरक्षा कवच के काम कर रहे गिग वर्कर्स को पेंशन देने के लिए एग्रिगेटर कंपनियों से एक न्यूनतम अंशदान लिया जाएगा। इसके लिए उनके हर बिलिंग लेन-देन से दो या तीन प्रतिशत राशि पेंशन अंशदान के लिए ली जाएगी।गिग वर्कर्स को एक यूनिवर्सल अकांउट नंबर जारी किए जाएंगे, जिसमें दो-तीन एग्रिगेटर कंपनियों के लिए किए काम करते हुए एक ही खाते में सबका पेंशन अंशदान हासिल कर सकेगा। गिग वर्कर्स को ईपीएफओ पेंशन दायरे में लाने की पुष्टि करते हुए आधिकारिक सूत्र ने कहा कि श्रम मंत्रालय जल्द ही सामाजिक सुरक्षा की इस बड़ी पहल से जुड़े प्रस्ताव को कैबिनेट के समक्ष रखेगा।आम बजट में गिग वर्कर्स को पांच लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज के लिए आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा की सुविधा देने की घोषणा के बाद पेंशन देने का प्रस्ताव दूसरा बड़ा कदम होगा।गिर्ग वर्कर्स के पेंशन से जुड़े प्रस्तावों को लेकर सूत्रों ने कहा कि श्रम मंत्रालय ने जोमैटो, स्विगी, ओला, उबर जैसी तमाम बड़ी एग्रिगेटर कंपनियों से चर्चा कर उनको सामाजिक सुरक्षा के लिए अंशदान करने की हामी भरवा ली है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में ई-श्रम पोर्टल पर गिग वर्कर्स का पंजीकरण करने की सुविधा देने तथा उन्हें पहचान पत्र प्रदान करने की घोषणा की थी। श्रम मंत्रालय गिग वर्कर्स के लिए पेंशन की ऐसी व्यवस्था पर काम कर रहा है कि जिसमें एग्रिगेटर कंपनियां ऑनलॉइन प्लेटफॉर्म पर गिर्ग वर्कर्स की हर बिलिंग से होने वाली आय के अनुपात में दो से तीन प्रतिशत अंशदान करेंगी। सरकार का मानना है कि गिग वर्कर्स की आय इतनी नहीं है कि अंशदान के लिए उनकी आय से राशि काटी जाए।

## केरल में कैफे के कुकिंग स्टीमर में विस्फोट, एक होटल कर्मचारी की मौत

**कोच्चि।** केरल के कलूर स्थित कैफे के कुकिंग स्टीमर में विस्फोट होने से एक श्रमिक की मौत हो गई। जबकि तीन श्रमिक गंभीर रूप से झुलस गए। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान बंगाल निवासी सुमित के रूप में हुई है। घायलों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। अग्निशमन एवं बचाव सेवा अधिकारियों के अनुसार, गुरुवार शाम को सूचना मिली कि कलूर स्थित जवाहरलाल नेहरू अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम के भूतल पर स्थित कैफे में गैस सिलेंडर में विस्फोट हुआ है। अग्निशमन कर्मियों ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और स्थिति को नियंत्रण में कर लिया। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि यह गैस सिलेंडर विस्फोट नहीं था, बल्कि कैफे का कुकिंग स्टीमर अत्यधिक दबाव के कारण फट गया।

## वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का ट्रायल पूरा, अब आखिरी सर्टिफिकेट का इंतजार

**नईदिल्ली, 07 फरवरी [एजेंसी]।**



बहुप्रतीक्षित वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का ट्रायल पूरा कर लिया गया है। अब सिर्फ आरडीएसओ, सीआरएस से हरी झंडी मिलने का इंतजार है।रेलवे बोर्ड ने गुरुवार को कहा कि 15 जनवरी को लंबी दूरी के परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने वाली पहली 16 कोच वाली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को अब चलने के लिए जाने से पहले अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएसओ) के सर्टिफिकेट और रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) की मंजूरी की जरूरत है।रेलवे बोर्ड ने कहा कि रेलवे सुरक्षा आयुक्त ट्रेन का उसकी अधिकतम गति पर मूल्यांकन करेंगे। विश्व स्तरीय, हाई-स्पीड स्लीपर ट्रेन का सपना अब हकीकत बन गया है क्योंकि पहली 16 कोच वाली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन सेट ने 15 जनवरी को मुंबई-अहमदाबाद सेक्शन में 540 किलोमीटर की दूरी के लिए आरडीएसओ द्वारा कठोर परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इंटीग्रल कोच फैक्ट्री, चेन्नई ने 17 दिसंबर, 2024 को भारत के पहले वंदे भारत स्लीपर ट्रेन सेट का निर्माण पूरा किया था। पिछले महीने के पहले सप्ताह में लगातार तीन दिनों तक 30 से 40 किलोमीटर की छोटी दूरी के लिए इसका सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया, जहां इसने 180 किलोमीटर प्रति घंटे की हाई स्पीड पर आरामदायक यात्रा का अनुभव प्राप्त किया। अब, बोर्ड ने कहा कि लंबी दूरी के परीक्षण भी बेहद सफल रहे हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा था कि बजट में रेलवे को बेहतर बनाने के लिए सरकार के प्रयासों को जारी रखा गया है। इसके लिए 2.52 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं और 17,500 सामान्य कोच, 200 वंदे भारत और 100 अमृत भारत ट्रेनों के निर्माण जैसी परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल भवन में संवाददाताओं से कहा कि बजट में 4.6 लाख करोड़ रुपये की नई परियोजनाएं शामिल की गई हैं। इन्हें चार से पांच वर्षों में पूरा किया जाएगा। इनमें नई लाइनें बिछाने, दोहरीकरण, चौगुनीकरण, नए निर्माण, स्टेशन पुनर्विकास, फ्लाईओवर, अंडरपास सहित कई अन्य परियोजनाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अगले दो से तीन वर्षों में 100 अमृत भारत, 50 नमो भारत और 200 वंदे भारत (स्लीपर और चेयर कार) ट्रेनें बनाई जाएंगी। नई अमृत भारत ट्रेनों से हम कई छोटी दूरी के शहरों को जोड़ेंगे। जनरल कोच के बारे में वैष्णव ने कहा कि आने वाले वर्षों में 17,500 ऐसे कोच बनाने की मंजूरी दी गई है।

## तिरुपुर में ट्रक को ओवरटेक कर रही बस पलटी , दो छात्रों की मौत 21 घायल

**तिरुपुर।** तमिलनाडु के तिरुपुर में गुरुवार सुबह चेंगापल्ली के पास एक बस पलट गई। इस दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई और 21 अन्य घायल हो गए। बताया जा रहा है कि यह हादसा उस समय हुआ, जब एक प्राइवेट बस पुराने तिरुपुर बस स्टैंड से इरोड की ओर जा रही थी। इस बस में कॉलेज के छात्र सवार थे। सलेम-कोयंबटूर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चेंगापल्ली के पास बस चालक ने एक मालवाहक ट्रक को ओवरटेक करने का प्रयास किया, जिससे बस का नियंत्रण खो गया और वह अचानक पलट गई। इस घटना में इरोड के एक निजी कॉलेज के दो छात्र पेरियासामी और हरिकृष्णन की मौत हो गई। जबकि घायल हुए 21 अन्य लोगों को पेरुंदुरई सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पता चला है कि हादसे में घायल हुए 21 लोगों में से पांच की हालत गंभीर है। इस दुर्घटना के कारण सलेम-कोयंबटूर राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगभग दो किलोमीटर तक यातायात बाधित रहा। वहीं, मामले की सूचना मिलते ही तिरुपुर जिला पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार यादव ने दुर्घटना स्थल का दौरा किया। इस दौरान पुलिस ने रास्ते को खोल दिया। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 26 जनवरी को तमिलनाडु के कृष्णागिरी में बरगुर के पास भीषण सड़क हादसा हुआ था।

### एमपी के उमरिया में भिड़े दो ट्रक 3 महिलाओं समेत 4 की मौत

**उमरिया ।** मध्य प्रदेश के उमरिया में गुरुवार सुबह दो ट्रकों के बीच भीषण टक्कर हुई है। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मामला पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 43 का है। बताया जा रहा है कि यह हादसा सुबह साढ़े सात बजे के आसपास हुआ। शहडोल की तरफ से आ रहे ट्रक की उमरिया की तरफ जा रहे ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना दर्दनाक था कि ट्रकों के परखच्चे उड़ गए। दोनों ट्रकों में सवार चार लोगों की मौत हो गई, जिसमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं।

## किसी ने बेची जमीन, कोई फ्लश टैंक का पानी पीकर रहा...



**नईदिल्ली, 07 फरवरी [एजेंसी]।**

सुनहरे सपने का ख्वाब लेकर अमेरिका जाना उन्हें इंतिहा दर्द दे गया। किसी ने पुस्तैनी जमीन बेची, तो किसी ने पिता की जीवनभर की कमाई दांव पर लगा दी। हजार किलोमीटर दूर अनजान लोगों के बीच में जाने का खतरा उठाया। सिर्फ इसलिए कि एक बार अमेरिका चले गए तो सबकुछ हासिल कर लेंगे। पूरी जिंदगी संवर जाएगी, लेकिन सबकुछ गंवा बैठे। ऐसी यातना मिली जिससे जीवन में शायद ही उबर सकें। अमेरिका से जबरिया वापस भेजे गए युवाओं की पीड़ा सुन कलेजा मुंह आने को हो रहा है। पंजाब के अजनाला में मिनी बस चलाने वाला सलेमपुर गांव का दलेर सिंह उस दिन को कोस रहा है, जब वह नजदीकी गांव कोटली के एजेंट सतनाम सिंह के झांसे में आ गया था। अमेरिका जाने के लिए 45 लाख रुपये में बात हुई थी, लेकिन 60 लाख रुपये दिए थे।बीते 15 अगस्त को अमेरिका के लिए निकला था। एजेंट ने पहले उसे दुबई भेजा और वहां से उसे ब्राजील का वीजा लगवा दिया। ब्राजील में उसे साथी एजेंटों से किडनैप करवा परिवार से 15 लाख रुपये और मांगे। एजेंट ने पत्नी चरनजीत कौर को फोन किया कि 15 लाख रुपये और भेजो, तभी पति अमेरिका जा सकेगा। पत्नी ने गहने गिरवी रखे और रिश्तेदारों से कर्ज लेकर पैसे भिजवाए। पैसे देने के बावजूद उसे तरह-तरह की यातनाएं दी गईं।

ब्राजील से निकलने के बाद 15-20 दिन भूखे-प्यासे पनामा के जंगलों में भटकना पड़ा। उसके बाद वह मैक्सिको से होते हुए तेजवाना बॉर्डर पहुंचा और वहीं से 23 जनवरी को अमेरिका में एंट्री हुई और पहुंचते ही अमेरिकी पुलिस ने पकड़ लिया।ऐसी ही दास्तां अजनाला के बाबा दर्शन सिंह कॉलोनी के अजयदीप सिंह की है। 12वीं पास अजय को दिल्ली के एजेंट मुकुल कुमार ने डंकी रूट से अमेरिका भेजा था। एजेंट ने मैक्सिको बॉर्डर के रास्ते से अमेरिका भेजने के लिए 45 लाख रुपये मांगे थे। वह कई दिन पनामा के जंगलों में भूखे प्यासे रहा। पनामा के जंगलों से गुजरे तो वहां कई लाशें पड़ी मिलीं।

## पंजाब के तरन तारन जिले में अवैध पटाखा फैक्ट्री में लगी आग, एक की मौत, दो घायल

**तरन तारन ।** पंजाब के तरनतारन जिले के गांव नुशहरा पनुआ चौधरीवाला में गुरुवार सुबह एक घर में भयंकर आग लग गई। बताया जा रहा है कि आग उस समय लगी, जब घर का मालिक अवैध रूप से पटाखे बना रहा था। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस घर में पिछले एक साल से अवैध पटाखा फैक्ट्री चल रही थी।आग के कारण एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हैं। घायल व्यक्तियों को अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है, लेकिन मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। ग्रामीण मेजर सिंह ने बताया कि यहां पर पिछले कई साल से बिना लाइसेंस के लोग पटाखे बना रहे थे। आज घर में आग लग गई, जिससे एक महिला की मौत हो गई और दो लोग झुलस गए।

## अमेरिका ने भारतीयों को दिया सबसे ज्यादा एच 1 बी वीजा, राज्यसभा में सरकार ने दी जानकारी

**नईदिल्ली, 07 फरवरी [एजेंसी]।**



सरकार ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका द्वारा जारी एच1बी वीजा में सबसे ज्यादा भारतीयों को मिला है। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 की अवधि के लिए अमेरिका द्वारा जारी किए गए सभी एच1बी वीजा में से 72.3 प्रतिशत भारतीय नागरिकों को प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि यूक्रन में संघर्ष शुरू होने से पहले 21,928 भारतीय छात्र थे, लेकिन एक नवंबर, 2024 तक केवल 1,802 छात्र विभिन्न यूक्रेनी विश्वविद्यालयों में नामांकित हैं। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि बांग्लादेश सरकार ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग की है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश सरकार को कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। हसीना पिछले साल पांच अगस्त से भारत में रह रही हैं।सरकार ने संसद को सूचित किया कि रूसी सशस्त्र बलों में शामिल 16 भारतीयों को रूसी पक्ष द्वारा लापता बताया गया है। कीर्ति वर्धन सिंह ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित जवाब में 18 भारतीयों के राज्यवार जानकारी साझा किए, जिसमें कहा गया कि नौ उत्तर प्रदेश से, दो-दो पंजाब और हरियाणा से, और एक-एक चंडीगढ़, महाराष्ट्र, केरल और बिहार, जम्मू और कश्मीर से थे। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में सिंह ने कहा कि रूसी सशस्त्र बलों में 12 भारतीय नागरिकों के जान गंवाने की सूचना है।कनाडा सरकार ने उग्रवादियों को दी है पनाह विदेश राज्य मंत्री ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि 1985 के कनिष्क बम विस्फोट के आतंकवादी कृत्य से सीखे गए सबक के बावजूद, कनाडाई सरकार द्वारा हिंसक उग्रवादियों और अलगाववादियों को चार्टर स्वतंत्रता के नाम पर अपनी गतिविधियां जारी रखने के लिए पनाह दी है।

उन्होंने कहा कि 1985 के कनिष्क बम विस्फोट के लिए जिम्मेदार लोगों की जांच, अभियोजन और उसके विवरण के संबंध में कनाडाई सरकार से वर्तमान स्थिति के बारे में पूछा गया है।एक अन्य प्रश्न के लिखित उत्तर में कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार की तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में ब्रह्मपुत्र नदी पर एक मेगा बांध परियोजना की चीन की घोषणा पर नजर है। सीमा पार नदियों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चीन के साथ 2006 में स्थापित संस्थागत विशेषज्ञ स्तर तंत्र के दायरे में और साथ ही राजनयिक चैनलों के माध्यम से चर्चा की जाती है।मंत्रालय से पूछा गया था कि क्या भारत और बांग्लादेश में बहने वाली ब्रह्मपुत्र नदी पर जलविद्युत बांध बनाने के चीन के फैसले ने नदी के निचले हिस्से में रहने वाले लाखों लोगों पर इसके संभावित प्रभाव के बारे में चिंताएं बढ़ा दी हैं।

## दिल्ली-यूपी में हल्की पड़ी ठंड, हिमाचल-राजस्थान में चल रही शीतलहर, इन राज्यों में बारिश का अलर्ट

**नईदिल्ली, 07 फरवरी [एजेंसी]।**



दिल्ली-एनसीआर में सूरज देवता दिन में जमकर चमकर रहे हैं। हालांकि दिन में चल रही ठंडी हवाओं ने ठंड अभी तक बरकरार रखी है। वहीं, मौसम विभाग के मुताबिक यूपी में आज हल्का कोहरा छाएगा। अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय में व्यापक वर्षा हो सकती है। हिमाचल प्रदेश और उत्तरी राजस्थान के अलग-अलग हिस्सों में शीत लहर की स्थिति होने की संभावना है। हिमाचल और कश्मीर के ऊपरी इलाकों में बर्फबारी की संभावना है। एक पश्चिमी विक्षोभ (डब्ल्यूडी) को पश्चिम अफगानिस्तान और उसके पड़ोस पर एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में देखा जाता है और एक और ताजा डब्ल्यूडी 8 फरवरी से उत्तर पश्चिम भारत को प्रभावित करने की उम्मीद है। 6-7 फरवरी को अरुणाचल प्रदेश और उत्तर-पूर्व असम में छिटपुट हल्की वर्षा/बर्फबारी की गतिविधि होने की संभावना है, 7 फरवरी को अरुणाचल प्रदेश में छिटपुट भारी वर्षा होने की संभावना है।एक और पश्चिमी विक्षोभ के परिणामस्वरूप 8-11 फरवरी तक पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में छिटपुट हल्की वर्षा/बर्फबारी की गतिविधि होने की संभावना है। जहां तक पारे के स्तर की बात है, इस अवधि के दौरान भारत में अधिकतम तापमान सामान्य के करीब या उससे ऊपर रहेगा, जबकि गुजरात और आसपास के क्षेत्रों में सामान्य से कम तापमान होगा और गुरुवार के बाद मध्य और पूर्वी भारत में इसका विस्तार होगा। इस अवधि के दौरान भारत के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से काफी ऊपर रहेगा। यूरोपीय जलवायु एजेंसी ने गुरुवार को बताया कि ला नीना विकसित होने के बावजूद इस वर्ष की जनवरी दुनियाभर में सबसे गर्म रिकार्ड की गई, जबकि ला नीना के प्रभाव से वैश्विक तापमान में कमी आती है। ऐसा तब हुआ है जब 2024 दुनियाभर में सबसे गर्म वर्ष रहा और पहली बार औद्योगिक काल से पूर्व के स्तर से वैश्विक तापमान में औसत वृद्धि 1.5 डिग्री सेल्सियस रही। कोपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस (सी3एस) के अनुसार, जनवरी-2025 में औसत तापमान 13.23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो पिछली सबसे गर्म जनवरी (2024) से 0.09 डिग्री अधिक था और 1991-2020 के औसत से 0.79 डिग्री अधिक था। विज्ञानियों ने यह भी पाया कि जनवरी में धरती का तापमान औद्योगिक काल से पूर्व के स्तर से 1.75 डिग्री सेल्सियस से अधिक था। पिछले 19 महीनों में से 18 में वैश्विक तापमान में वृद्धि 1.5 डिग्री से ऊपर रही हैसी3एस के उपनिदेशक समंथा बर्गीस ने कहा, जनवरी-2025 एक और आश्चर्यजनक महीना है, जिसमें ट्रोपिकल पैसिफिक क्षेत्र में ला नीना की स्थिति विकसित होने और वैश्विक तापमान पर उनके अस्थायी कूलिंग इफेक्ट के बावजूद पिछले दो वर्षों के दौरान दर्ज किए गए रिकॉर्ड तापमान जारी रहा।

ला नीना ऐसी स्थिति है, जिसमें मध्य प्रशांत महासागर की सतह का जल सामान्य से अधिक ठंडा हो जाता है, जिससे विश्वभर का मौसम प्रभावित होता है।आइएमडी ने गुरुवार को बताया कि उत्तरी पाकिस्तान के ऊपर स्थित एक पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तर भारत में तापमान में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। यह प्रणाली धीरे-धीरे पूर्व की ओर बढ़ रही है, जिससे इस क्षेत्र में मौसम प्रभावित हो रहा है। आइएमडी की वैज्ञानिक सोमा राय के मुताबिक -वर्तमान में पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पाकिस्तान और उससे जुड़ी ट्रफ के ऊपर है। यह धीरे-धीरे पूर्व की ओर बढ़ रहा है। वहां कल बहुत बारिश हुई थी। इससे पूरे उत्तर पश्चिम भारत में तापमान में काफी गिरावट दर्ज की गई है। दिल्ली के तापमान में -2.8 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है।

## धन कुबेर निकला शिक्षक: बाप बेटे के नाम पर करीब 90 जमीनों के कागजात, लाखों के गहने और बैंक अकाउंट, लोकायुक्त ने कल मारा था घर और फार्म हाउस पर छापा

**जबलपुर, 07 फरवरी [एजेंसी]।**

मध्य प्रदेश में एक के बाद एक धन कुबेर सामने आ रहे हैं इसी कड़ी में जबलपुर लोकायुक्त पुलिस ने एक ऐसे सहायक शिक्षक के यहां छापामारा जो करोड़ों का आसामी निकला। शुरुआती जांच में यह पता चला है कि सहायक शिक्षक हरिशंकर दुबे और उसके बेटे अतुल के नाम पर ऐसे 91 खसरे हैं जिन पर दोनों का नाम दर्ज है। लोकायुक्त की करवाई में बाप बेटे के नाम 60 से ज्यादा जमीनों, लाखों के जेवर और कई बैंक अकाउंट की भी जानकारी सामने आई है। बता दें कि कल लोकायुक्त पुलिस ने शिकायत पर हरिशंकर दुबे के घर और फार्म हाउस पर छापामार कार्रवाई की थी जहां से कई दस्तावेज और बैंक अकाउंट जब्त किए है। लोकायुक्त पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि एक सहायक शिक्षक ने महज 39 साल की नौकरी में कैसे करोड़ों की दौलत जमा कर ली। सहायक शिक्षक अरविंद दुबे के पास ना केवल अकूत दौलत निकली बल्कि कुछ समय पहले उन्होंने अपनी बेटी का विवाह भी राजशाही अंदाज में विदेश में किया था जिसमें करोड रुपए खर्च करने की बात कही जा रही है। लोकायुक्त पुलिस ने तमाम दस्तावेजों को खंगालना शुरू कर दिया और पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि ये दौलत आखिर कहां से आई है और इसके पीछे कौन लोग हैं।

## संसद में केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया सिंधिया का बड़ा ऐलान

**मध्यप्रदेश ।** मध्यप्रदेश के 2202 गांवों में लगेंगे 1650 मोबाइल टॉवर, आदिवासी क्षेत्रों को मिलेगी बेहतर कनेक्टिविटीकेंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने संसद में बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दूरसंचार क्षेत्र में जबरदस्त प्रगति हुई है। उन्होंने बताया कि देश में 116 करोड़ मोबाइल उपयोगकर्ता हैं, जबकि 2014 में यह संख्या मात्र 25 करोड़ थी। इंटरनेट यूजर्स 97.4 करोड़ से अधिक हो चुके हैं। सिंधिया ने डेटा लागत में आई कमी का उल्लेख करते हुए कहा कि 2014 में ब्रॉडबैंड डेटा 270 प्रति GB था, जो अब मात्र ?9.70 प्रति GB रह गया है, जिससे भारत दुनिया में सबसे सस्ता डेटा उपलब्ध कराने वाला देश बन गया है। राज्यसभा सांसद सुमेर सिंह सोलंकी के प्रश्न पर केंद्रीय मंत्री ने बताया कि मध्यप्रदेश के 2202 गांवों में 1650 मोबाइल टॉवर लगाए जाएंगे। अब तक 981 गांवों में 771 टॉवर स्थापित किए जा चुके हैं, जिससे लाखों लोगों को बेहतर नेटवर्क सुविधा मिल रही है। सिंधिया ने बताया कि 160 आदिवासी बहुल गांवों में 138 मोबाइल टॉवर लगाने का निर्णय लिया गया है। जुलाई 2024 में आदिवासी मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित इस योजना का सर्वेक्षण पूरा हो चुका है, और जल्द ही काम पूरा कर लिया जाएगा।

## मोनालिसा ने रिवीलिंग ड्रेस पहन कराया बोल्ड फोटोशूट, एक्ट्रेस की तस्वीरों ने मचाई इंटरनेट पर तबाही



भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा आए दिन अपने नए आउटफिट में फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा करती रहती हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही अक्सर ताबाही मचाता रहता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने रिवीलिंग ड्रेस पहनकर बेहद ही क्लासी फोटोशूट करवाया है। एक्ट्रेस अपने इस अवतार में बेहद ही स्टनिंग और हॉट नजर आ रही हैं।

एक्ट्रेस मोनालिस हमेशा अपने लेटेस्ट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस के बीच अपनी कातिलाना अदाओं से कहर बरपाती रहती हैं।

उनका लेटेस्ट लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं, जिसमें वो बेहद ही गॉर्जियस नजर आ रही हैं।

मोनालिसा की लेटेस्ट शेयर की गई तस्वीरों में आप देख सकते हैं उन्होंने ब्लू कलर की रिवीलिंग ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

बालों का स्टाइलिश लुक में बन बनाकर, स्मोकी आई मेकअप और कानों में इयररिंग्स पहनकर एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस मोनालिसा ने कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक सेक्सी अंदाज में पोज देते हुए अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करते हुए हॉट फोटोज क्लिक करवाई हैं।

मोनालिसा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। उनका हर एक लुक इंस्टा अकाउंट पर शेयर होते ही फैंस के बीच तबाही मचाने लगता है।

# भाग्य लक्ष्मी में मलिष्का का किरदार निभाएंगी मेघा प्रसाद

जी टीवी के लोकप्रिय टीवी सीरियल 'भाग्य लक्ष्मी' में नई अभिनेत्री मेघा प्रसाद शामिल हुई हैं। शो की मुख्य अभिनेत्री ऐश्वर्या खरे ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर उन्हें बधाई दी। मेघा, मायरा मिश्रा की जगह लेंगी। मिश्रा ने इस धारावाहिक में नेगेटिव किरदार निभाया है।

शो से संबंधित हर एक पोस्ट सोशल मीडिया पर शेयर करने वाली अभिनेत्री ऐश्वर्या खरे ने शो में नए सदस्य के स्वागत के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर मेघा प्रसाद की एक तस्वीर शेयर करते हुए ऐश्वर्या खरे ने कैप्शन में लिखा, भाग्य लक्ष्मी की मलिष्का आपका स्वागत है। मैं शो में आपको देखने के लिए उत्सुक हूं।

तस्वीर के साथ ऐश्वर्या ने आमिर खान, रानी मुखर्जी और करीना कपूर स्टारर 'तलाश' फिल्म के गाने 'मुस्कानें झूठी हैं' को भी जोड़ा।

भाग्य लक्ष्मी का प्रसारण जी टीवी पर होता है, जिसकी कहानी लक्ष्मी, ऋषि और मलिष्का के ईर्द-गिर्द घूमती है। ऋषि और लक्ष्मी की प्रेम कहानी में मलिष्का नई-नई चालें चलती नजर आती है।

इससे पहले शो में लक्ष्मी का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री ऐश्वर्या खरे ने शो में मेकअप खुद करने पर बात की थी। अभिनेत्री ने बताया था कि वह अपना मेकअप खुद करती हैं और ऐसा करने से उन्हें गर्व के साथ खुशी भी मिलती है।

ऐश्वर्या ने बताया था कि उनके लिए मेकअप का मतलब सिर्फ अच्छा दिखना नहीं है बल्कि यह खुद के प्रति सच्चे रहने और संतुष्टि के लिए भी जरूरी है और हाथ में ब्रश



और बगल में कॉफी का कप लेकर आईने के सामने बैठना अभिनेत्री के दिन की शुरुआत करने के पसंदीदा तरीकों में से एक है।


खरे ने बताया था, यह मुझे खुद को जमीन जुड़ा रखने, आत्मविश्वासी महसूस कराने और अपने आप में रहने का आनंद लेने का मौका देता है। सादगी की अपनी सुंदरता होती है और खुद को लक्ष्मी के रूप में देखना मुझे गर्व से भर देता है।

अभिनेत्री का शो के कलाकारों के साथ खास बॉन्ड है। उन्होंने बताया था कि वह अपनी ऑन-स्क्रीन बेटी त्रिशा सारदा में खुद का एक छोटा संस्करण देखती हैं।

ऐश्वर्या ने कहा था, जब से पारो ने हमारे साथ शूटिंग शुरू की है, तब से वह हमारी जिंदगी का एक बड़ा हिस्सा बन गई है। शुरू में मुझे एक बच्चे के साथ शूटिंग करने में संदेह था। लेकिन, वह अपनी उम्र के हिसाब से बहुत प्रतिभाशाली और परिपक्व लड़की है। मुझे लगता है कि हम बहुत समान हैं, हर बार जब मैं उसे देखती हूं, तो मुझे लगता है कि मैं खुद का एक छोटा संस्करण देख रही हूं।

ऐश्वर्या ने कहा था, मैं अक्सर उससे कहती हूं- तू बिल्कुल मेरी जैसी है, जब मैं बच्ची थी, तो मैं भी उनकी तरह हर चीज पर सवाल उठाती थी, जब तक कि मुझे स्पष्टता नहीं मिल जाती।

वह सेट पर सभी के साथ बहुत अच्छी तरह से रहती है। कैमरे के सामने भी वह बहुत आत्मविश्वासी हैं, उन्हें बस एक बार स्पष्ट ब्रीफ दें और वह जानती हैं कि क्या करना है और कैसे करना है। मुझे लगता है कि मैं उनकी ऑन-स्क्रीन मां बनने के लिए बनी हूं।



## अक्षय कुमार की स्काई फोर्स का बॉक्स ऑफिस पर कब्जा

स्काई फोर्स जनवरी में रिलीज होने वाली एक और फिल्म है जिसे दर्शकों ने देखा और पसंद किया. यह फिल्म दर्शकों की उम्मीदों पर खरी उतरती दिख रही है. 160 करोड़ के बजट में बनकर तैयार हुई स्काई फोर्स ने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 150 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है और अब 200 करोड़ के क्लब में शामिल होने के लिए आगे बढ़ रही हैं. सच्ची कहानी पर आधारित यह युद्ध ड्रामा वीर पहाड़िया की डेब्यू फिल्म है जिसमें उन्होंने अक्षय कुमार और सारा अली खान के साथ स्क्रीन स्पेस साझा किया है. यह फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस के साथ-साथ विदेशी बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा प्रदर्शन कर रही है. फिल्म ने 10 दिनों में 150 करोड़ रुपये से ज्यादा की वर्ल्डवाइड कलेक्शन की है. मेकर्स ने स्काई फोर्स के 10 दिनों का वर्ल्डवाइड कलेक्शन शेयर किया है. फिल्म ने 10 दिनों में दुनियाभर में 153 करोड़ रुपये की कमाई की है. वहीं भारत में इसने 119.5 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया है. बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार की वॉर एक्शन थ्रिलर ने एक सप्ताह में 99.7 करोड़ रुपये का बिजनेस किया था.8वें दिन 4.6 करोड़ रुपये का बिजनेस करने के बाद फिल्म 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने में सफल हो गई. 8 दिनों में स्काई फोर्स ने 104.3 करोड़ रुपये कमाए. दूसरे शनिवार और रविवार को इसने क्रमश: 7.4 करोड़ रुपये और 7.8 करोड़ का बिजनेस किया.

# जिम में वर्कआउट के बाद इस वजह से होता है हाथों में दर्द और अकड़न, बचाव के लिए करें ये उपाय

युवाओं में खुद को फिट रखने के लिए जिम जाने का ट्रेंड तेजी से बढ़ रहा है. कई युवा जोश में जिम जाकर एकदम से भारी वजन उठाना शुरू कर देते हैं. इससे उनके हाथों में दर्द और अकड़न होने लगती है. कई बार तो ये समस्या इतनी बढ़ जाती है कि हाथ सीधा करना भी मुश्किल हो जाता है. हैवी वेट के लिए ट्रेंड होने में समय लगता है. इसे धीरे-धीरे करना चाहिए. लेकिन कुछ युवा जिम पहुंचते ही बिना ट्रेनर से सुझाव लिए ही हाथों या बाइसेप्स की एक्सरसाइज करना शुरू कर देते हैं. ऐसे में जिम में वर्कआउट के बाद उनको हाथों को सीधा करने में परेशानी होती है. आइए जानते हैं इसके कारण और बचाव के तरीके.

वर्कआउट के बाद हाथों को सीधा करने में परेशानी क्यों होती है?

जब कोई जिम में नई एक्सरसाइज तेजी से करना शुरू कर देता है तो इससे मांसपेशियों में दर्द होने लगता है. इसी परेशानी को डोम्स कहते हैं.

मांसपेशियों में सूजन

घर या जिम में एक्सरसाइज करते समय उसे ज्यादा बार रिपीट करने से मांसपेशियों में सूजन आ जाती है. या फिर हैवी वर्कआइट या अधिक एक्सरसाइज करने से भी मांसपेशियों में लैक्टिक एसिड बनना शुरू हो जाता है. बार-बार ऐसा करने से वह हिस्सा कठोर होने लगता है. इसकी वजह से वर्कआउट के बाद हाथों को सीधा करने में परेशानी होती है.



कोशिकाएं क्षतिग्रस्त होना

अचानक हैवी एक्सरसाइज करने से बाइसेप्स की मांसपेशियों को सहारा देने वाली कोशिकाएं क्षतिग्रस्त होने लगती हैं. इससे भी दर्द या अकड़न की समस्या हो सकती है.

टेंडिनाइटिस

जो लोग बहुत ज्यादा बाइसेप्स कर्ल, पुल-अप्स या डेडलिफ्ट करते हैं उनमें टेंडिनाइटिस की दिक्कत होने लगती है. इसमें हाथों की टेंडन्स में सूजन आ सकती है. ये वो नसें होती हैं जो मांसपेशियों को हड्डियों से जोड़ती हैं.

वर्कआउट के बाद हाथों में दर्द से कैसे बचें? वर्कआउट से पहले अच्छी तरह वार्मअप करें.

वर्कआउट करते समय कुछ दिन हल्की एक्सरसाइज करें.

वर्कआउट के बाद हल्की स्ट्रेचिंग और गर्म पानी से स्नान करें.

डाइट में बादाम, केला, पालक को शामिल करें.

दर्द होने पर बर्फ की सिकाई करें.

## जुनैद खान और खुशी कपूर की मोस्ट अवेटेड फिल्म लवयापा की एडवांस बुकिंग शुरू



जुनैद खान और खुशी कपूर की मोस्ट अवेटेड फिल्म लवयापा जल्द ही थिएटर्स में धमाल मचाने वाली है, और एक्साइटमेंट अपने पीक पर है. जबरदस्त ट्रेलर और सुपरहिट गानों ने पहले ही लोगों का दिल जीत लिया है, जिससे फिल्म को लेकर जबरदस्त बज बना हुआ है. अब जब सबको बेसब्री से फिल्म का इंतजार है, तो इंतजार करने की जरूरत नहीं, क्योंकि लवयापा की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है. तो फटाफट टिकट बुक कर लो और तैयार हो जाओ प्यार और इमोशंस से भरी इस खूबसूरत जर्नी के लिए.

जुनैद खान, खुशी कपूर और लवयापा की पूरी टीम फिलहाल फिल्म के प्रमोशन में जुटी हुई है और पूरे देश में धूम मचा रही है. फिल्म को लेकर जबरदस्त क्रेज बना हुआ है, और अब ऑडियंस के लिए एक बड़ी खुशखबरी आ गई है, एडवांस बुकिंग ऑफिशियली ओपन हो चुकी है! बस कुछ ही दिनों में ये मोस्ट अवेटेड रोमांटिक कॉमेडी बड़े पर्दे पर आने वाली है, तो अगर अभी तक टिकट बुक नहीं की, तो देर मत करो, बल्कि जल्दी से अपनी सीट पक्की कर लीजिए! ट्रेड एनालिस्ट की मानें तो, फिल्म पहले दिन 1 से 1.50 करोड़ रुपये का बिजनेस कर सकती है. फिल्म को यू/अ 16+ सर्टिफिकेट मिला है. फिल्म का रनटाइम 2.17 घंटे का है.



## वैलेंटाइन पर अपनी प्रेमिका को दें ये खास तोहफा, हो जाएगी खुश

वैलेंटाइन वीक प्यार और रोमांस का त्योहार होता है. इस दौरान लोग अपने पार्टनर को स्पेशल फील कराने के लिए कई प्रकार के तरीके अपनाते हैं. अक्सर इस अवसर पर लोग अपने पार्टनर को गुलाब, चॉकलेट या टेडी बियर जैसे गिफ्ट देते हैं. लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि आपकी प्रेमिका को कोई ऐसा तोहफा मिले जो उसकी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद हो. आज हम आपको कुछ ऐसे हेल्थ केयर गिफ्ट के बारे में बताएंगे जिसे आप अपने प्रेमिका को गिफ्ट कर सकते हैं...

स्मार्टवॉच या फिटनेस बैंड

अगर आपकी पार्टनर फिटनेस को लेकर सचेत है, तो इस वैलेंटाइन पर आप अपने पार्टनर को स्मार्टवॉच या फिटनेस बैंड गिफ्ट कर सकते हैं. ये स्मार्टवॉच स्टेप काउंट, हार्ट रेट मॉनिटर, ब्लड ऑक्सीजन लेवल और कैलोरी ट्रैक करने में मददगार है. इसके साथ ही स्ट्रेस लेवल और स्लीप पैटर्न को मॉनिटर करता है.

स्किन केयर और हेयर केयर किट

महिलाओं को स्किन और हेयर केयर से जुड़ी चीजें काफी पसंद होती हैं. अगर आप वैलेंटाइन वीक पर कुछ ऐसा देना चाहते हैं जो केमिकल फ्री और हेल्दी हो, तो ऑर्गेनिक स्किन केयर या हेयर केयर किट दे सकते हैं. यह केमिकल-फ्री और नेचुरल इंग्रीडिएंट्स से बना होता है. जो त्वचा और बालों को हेल्दी बनाता है.

योगा मैट और मेडिटेशन किट

अगर आपकी पार्टनर योगा या मेडिटेशन करना पसंद करती हैं, तो आप इस मौके पर एक योगा मैट या मेडिटेशन किट गिफ्ट कर सकते हैं. जो उन्हें मेंटल और फिजिकल हेल्थ को बैलेंस करने में मदद करेगा. नियमित योग करने से स्ट्रेस रिलीफ में मदद मिलेगी और फिटनेस भी अच्छी रहेगी.

## उन्नी मुकुंदन स्टारर मार्को ने ओटीटी रिलीज डेट आउट

उन्नी मुकुंदन अभिनीत मलयालम ब्लॉकबस्टर मार्को अपने प्रभावशाली नाट्य प्रदर्शन को समाप्त करने के लिए तैयार है और जल्द ही ओटीटी प्लेटफार्मों पर उपलब्ध होगी। निर्माताओं ने फिल्म के दक्षिण संस्करणों के लिए सोनी लिव के साथ एक स्ट्रीमिंग डील को अंतिम रूप दिया है, जो 14 फरवरी 2025 को स्ट्रीमिंग शुरू होगी। हनीफ अदेनी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में उन्नी मुकुंदन मुख्य भूमिका में हैं, उनके साथ युक्ति थरेजा जगदीश कबीर दुहान सिंह सिद्दीकी और अभिमन्यु शम्मी थिलकन प्रमुख भूमिकाओं में हैं। मार्को, जिसे अपने अति हिंसक दृश्यों के लिए ए रेटिंग दी गई थी, ने 40 दिनों से अधिक समय तक चले अपने नाट्य प्रदर्शन से दुनिया भर में 115 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है। फिल्म के मलयालम और हिंदी संस्करणों ने घरेलू बाजारों से क्रमश: 42 करोड़ रुपये और 13 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड आंकड़े लाए हैं.

## शब्द सामर्थ्य -319

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पांचवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | ■ | ■ | 8 | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| ■ | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| 15 | 16 | | ■ | ■ | ■ | 17 | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | 20 | | | ■ | 21 |
| ■ | 22 | 23 | | | ■ | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 24 | ■ | 25 | |
| 26 | | | ■ | 27 | | | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 318 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | ■ | ब | नि | या | ■ | दे |
| खा | ■ | ती | त | र | ■ | रा | जी | व |
| ह | मा | म | ■ | स | प | ना | ■ | ता |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | टा | ■ | ■ | ■ |
| दा | व | त | ■ | वि | ना | श | ■ | अ |
| य | ■ | ह | त्या | ■ | ■ | ह | र्जा | ना |
| रा | ह | त | ■ | न | ज | र | ■ | व |
| ■ | वा | ■ | ■ | ■ | मी | ■ | ना | श्य |
| दु | ला | रा | ■ | जा | न | की | ■ | क |

# यातायात सुधार के लिए प्रशासन सख्त

### सड़क सुरक्षा पर हुई अहम बैठक

**कोरिया बैकुंठपुर(** बैकुण्ठपुर में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और यातायात अव्यवस्था को ध्यान में रखते हुए अपर कलेक्टर  अरुण मरकाम की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें जिला परिवहन विभाग, पुलिस प्रशासन, अन्य संबंधित अधिकारियों और वाहन मालिकों, चालकों ने भाग लिया। बैठक में भारी मालवाहक वाहनों की नो एंट्री, ऑटो स्टैंड और बस स्टॉप निर्धारण, सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों के कड़ाई से पालन पर चर्चा की गई। भारी वाहनों की नो एंट्री, सुबह 8 से रात 8 बजे तक रहेगा प्रतिबंध,बैठक में निर्णय लिया गया कि भारी वाहन (14, 16 चक्के वाले ट्रक, टैंकर, कंटेनर, हाईवा, जेसीबी, हाईड्रा आदि) शहर में सुबह 8रू00 बजे से रात 8ः00 बजे तक प्रवेश नहीं कर सकेंगे। ये वाहन बाईपास (पोड़ी-चिरमिरी मार्ग) से डायवर्ट किए जाएंगे।

प्रस्तावित नो एंट्री प्वाइंट, ग्राम चेर, पॉलीटेक्निक कॉलेज तिराहा, ग्राम मझगवां तिराहा, भांडी तिराहा, कंचनपुर तिराहा, खरवत तिराहा। ऑटो स्टैंड और बस स्टॉप होंगे व्यवस्थित, शहर में ऑटो चालकों द्वारा मनमाने ढंग से वाहन खड़ा करने से ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रहती है। इसे रोकने के लिए ऑटो स्टैंड बनाए जाने का निर्णय लिया गया। बस स्टैंड क्षेत्र, नगर पालिका तिराहा, हॉस्पिटल तिराहा अन्य प्रमुख स्थानों पर। प्रस्तावित बस स्टॉपेज, मनेन्द्रगढ़ रोड, ओड़गी नाका तिराहा, अम्बिकापुर रोड नजीर पेट्रोल पंप के पास, दुबछोला रोड शर्मा हॉस्पिटल तिराहा। यातायात



सुरक्षा और जन जागरूकता पर जोर,बैठक में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और ट्रैफिक नियमों के पालन को सख्ती से लागू करने पर जोर दिया गया। हेलमेट और सीट बेल्ट अनिवार्य करने, स्पीड ब्रेकर बनाने और सिग्नल व्यवस्था सुधारने पर सहमति बनी। इसके अलावा, जन जागरूकता अभियान चलाने का भी निर्णय लिया गया, ताकि नागरिक ट्रैफिक नियमों का पालन करें। प्रशासन की सख्त कार्रवाई जल्द होगी लागू, अपर कलेक्टर  मरकाम ने कहा कि बैठक में लिए गए सभी निर्णयों को जल्द लागू किया जाएगा और शहर में यातायात को सुव्यवस्थित व सुरक्षित बनाने के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे।

## कोरिया के पहले एसपी अरुण देव गौतम बने छत्तीसगढ़ के नए डीजीपी



**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी  अरुण देव गौतम को राज्य का नया पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया है। श्री गौतम कोरिया जिले के पहले पुलिस अधीक्षक थे और उन्होंने 25 मई 1998 से 19 जून 2000 तक जिले में सेवा दी थी। संवेदनशील व पारदर्शी अधिकारी के रूप में पहचान, श्री गौतम के साथ कार्य कर चुके बैकुंठपुर थाना के आरक्षक  मनोज सिंह ने उन्हें मृदुभाषी, संवेदनशील और पारदर्शी अधिकारी बताया। उन्होंने कहा कि %डीजीपी सर के व्यक्तित्व में अहंकार नहीं है, वे हमेशा सहयोगात्मक रवैया अपनाते हैं। उनके कार्यकाल के दौरान जिला पुलिस कार्यालय में विभिन्न पदों पर पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया हुई थी, जिसे पुलिस विभाग में एक सकारात्मक बदलाव के रूप में देखा गया। छत्तीसगढ़ पुलिस को मिलेगा सशक्त नेतृत्व, राज्य के नए डीजीपी के रूप में  अरुण देव गौतम के चयन को एक अनुभवी और कुशल प्रशासनिक निर्णय माना जा रहा है। उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ पुलिस को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

## तीन सूने मकानों में चोरों ने किया हाथ साफ

**रायपुर।** नवा रायपुर स्थित तीन सूने मकानों में अज्ञात चोर ने धावा बोलकर हजारों रुपए का सामान पार कर दिया।ö तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पहले मामले में प्रार्थी मनमोहन सिंह 53 वर्ष ने राखी थाना में शिकायत किया कि सेक्टर 27 नवा रायपुर स्थित उसके सूने कान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने एक लेपटाप, चार्जर व माउस पार कर दिया। वहीं दूसरे मामले में निखिल टंडन 30 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि उसके सेक्टर 30 नवारायपुर स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर 2 लेपटाप और चार्जर पार कर दिया।

# बोकारो और चरचा ने जीता मैच, गोल्ड कप प्रतियोगिता का पांचवा दिन

### मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अशोक राजवाड़े और फैजल को

**चरचा कालरी।** महाजन स्टेडियम में आयोजित 49 वा अखिल भारतीय सेशन स्मृति गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के चौथे दिन दो रोमांचक मैच खेले गए जिसमें पहला मैच जो कि इस प्रतियोगिता का चौथा मैच है एफ सी सुंदरगढ़ उड़ीसा व सेल बोकारो झारखंड की टीम के बीच खेला गया  सेल बोकारो की टीम शुरू से ही दबाव बनाए रखी और हाफ टाइम के पहले बोकारो की टीम के खिलाड़ी जर्सी नंबर 11 फैजल ने शानदार मैदानी गोलकर अपनी टीम के लिए विजय अभियान की शुरुआत कर दी हाफ टाइम के पश्चात खिलाड़ी फैजल के द्वारा लगातार दूसरा गोल भी किया गया इससे बोकारो की टीम दो गोल की बढ़त में आ गई किंतु अंतिम समय में झारखंड के खिलाड़ी की गलती की वजह से उड़ीसा की टीम को पेनल्टी  किक मिला और इस सुनहरे अवसर को उसने इसे गोल में बदल दिया खेल समाप्त होने तक उड़ीसा की टीम दूसरा गोल नहीं कर सकी जिससे झारखंड की टीम 2-1 से विजय हुई इस मैच के मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सेल बोकारो झारखंड की टीम के खिलाड़ी जर्सी नंबर 11 फैजल को मुख्य अतिथि श्री एम आर.मडावी खान सुरक्षा अधिकारी वी चंदन प्रसाद के द्वारा दिया गया इस खिलाड़ी ने अपना टीम को विजय दिलाने में दो महत्वपूर्ण गोल किए थे।

वही दोपहर 3.30 बजे से प्रतियोगिता का पांचवा मैच मल्लापुरम फुटबॉल क्लब कालीकट केरल और स्थानीय न्यू स्पोर्टिंग क्लब चर्चा के बीच प्रारंभ हुआ स्थानीय टीम के होने की वजह से हजारों की संख्या में दर्शक स्टेडियम में मौजूद रहे मैच के हाफ टाइम तक दोनों ही  टीमों के द्वारा आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया गया किंतु गोल नहीं हो सका हाफ टाइम के पश्चात चर्चा की टीम के





खिलाड़ी जर्सी नंबर 11 ने शानदार गोल कर अपनी टीम को एक गोल की बढ़त दिला दी जो अंत तक कायम रही इस प्रकार चर्चा की टीम 1 - 0 से विजई हुई इस मैच के मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार चर्चा की टीम के खिलाड़ी अशोक राजवाड़े को मुख्य अतिथि अरुण जायसवाल अध्यक्ष नगर पालिका शिवपुर चर्चा के द्वारा दिया गया। आज के मैच का सफल आयोजन हेतु आयोजन समिति के रियाज अहमद धर्मेंद्र सिंह अशोक निर्मलकर संदीप कुमार आदि विशेष रूप से सकरी थे वही ग्राउंड की व्यवस्था को सुचारू बनाने में प्रदीप मोहम्मद ताहिर सुनील बरला अब्दुल्ला रोशन आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## पुलिस में शिकायत से नाराज पड़ोसी ने घर घुसकर मारा चाकू

**बलरामपुर।** वाड्रफनगर चौकी क्षेत्र के कोटराही गांव में देर रात युवक के घर में घुसकर उस पर जानलेवा हमला किया गया. गंभीर रूप से घायल युवक की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई. पुलिस ने मामले में आरोपी युवक को पकड़ लिया है.घटना रात करीबन दो बजे की बताई जा रही है, जब आरोपी संजय खेरवार मृतक ओमप्रकाश कुशवाहा पिता अंबिका कुशवाहा के घर में घुसकर जानलेवा हमला कर फरार हो गया. घटना के बाद युवक की तलाश शुरू हुई तो वह अपने घर के छत में छिपा मिला, जिसे पकड़कर थाने लाया जा रहा है. बताया जा रहा है कि मृतक ने पहले भी आरोपी पड़ोसी की पुलिस से शिकायत की थी.

## सूने मकान से नकदी सहित लाखों के जेवर पार

**रायपुर।** पार्थिव प्रोविंस सरोना स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 15 हजार सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी दीपक पांडे 30 वर्ष पार्थिव प्रोविंस सरोना का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी 15 हजार सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिए। चोरी गए जुमला कीमती करीब 2 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# चोरी के 10 मोटर सायकल के साथ 2 अपचारी सहित 3 को पुलिस ने पकड़ा




**सूरजपुर।** सतपता विश्रामपुर निवासी शिवशंकर रवि ने थाना सूरजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 23.01.2025 के रात्रि में अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 29 एजी 5917 से साधुराम सेवाकुंज सूरजपुर शादी कार्यक्रम में आया था वहीं परिसर में अपनी बाईक खड़ी कर शादी हाल में चला गया और वापस आया तो देखा कि मोटर सायकल वहां नहीं है कोई अज्ञात चोर मोटर सायकल को चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 56/2025 धारा 303(3), 3(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने चोरी के मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को जल्द पकड़ने के निर्देश दिए। थाना सूरजपुर पुलिस ने विवेचना के दौरान चोरी की मोटर सायकल को लावारिश हालत में स्टेडियम ग्राउण्ड से जप्त किया। विवेचना के दौरान प्रार्थी ने बताया कि चोरी की मोटर सायकल को मानपुर का राजा सोनवानी चला रहा था, पुलिस टीम ने दबिश देकर राजा सोनवानी को पकड़ा। पूछताछ पर उसने बताया कि अपने 2 विधि विरूद्ध संघर्षरत् बालक के साथ मिलकर प्रार्थी की मोटर सायकल को चोरी कर चला रहा था, इसके अलावा अच्छी कीमत वाली मोटर सायकल खासकर पल्सर बाईक की रेकी कर अम्बिकापुर से 2, अजिरमा से 1, नमदगिरी से 1, मानपुर से 1, शिवपार्क से 1, तुरियापारा से 1, चंदरपुर से 1 व स्टेडियम ग्राउण्ड से 2 मोटर सायकल कुल 10 मोटर सायकल को चोरी किये थे। आरोपियों के निशानदेही पर मोटर सायकलों को बरामद किया गया जिसकी कीमत करीब 12 लाख रूपये है। चोरी के अलावा मामले में बरामद मोटर सायकल चोरी का होने के पूर्ण अंदेशा पर धारा 35(1)(3) बीएनएसएस/303(2) बीएनएस के तहत इस्तगाशा के तहत भी कार्यवाही कर आरोपी राजा सोनवानी पिता नरेश सोनवानी उम्र 20 वर्ष निवासी मानपुर, थाना सूरजपुर को गिरफ्तार किया गया। वहीं मामले के 2 विधि विरूद्ध संघर्षरत् बालकों को विधि अनुसार किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया है। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व सीएसपी एस.एस.पैंकरा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे, एएसआई विरेन्द्र यादव, संजय यादव, नंदलाल सिंह, प्रधान आरक्षक सुरेन्द्र सिंह, योगेन्द्र भगत, आरक्षक प्रेमसागर साहू, गणेश सिंह, रविराज पाण्डेय, कामेश्वर नेताम व महिला आरक्षक पदमावती सक्रिय रहे।

# करोड़ों की गड़बड़ी, संकरी के आरआई-पटवारी पर अपराध दर्ज

**रायपुर।** सकरी के तत्कालीन पटवारी और वर्तमान राजस्व निरीक्षक के खिलाफ करोड़ो की गड़बड़ी के मामले में एफ्आईआर दर्ज की गई है. आरआई पर विभागीय जांच में 3 करोड़ 42 लाख 17 हजार 920 रुपए की गड़बड़ी करने का खुलासा हुआ है. विभागीय जांच में पता चला कि आरआई के खिलाफ भूमि अधिग्रहण मामले में चार बार विरोधाभासी प्रतिवेदन प्रस्तुत किया था. सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना ही खसरा नंबरों में आरआई ने हेरफेर कर प्रशासन को 3.42 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया। जानकारी के मुताबिक तत्कालीन पटवारी मुकेश साहू ने भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में हेरफेर करते हुए खसरा नंबर 1/4 रकबा, 0.03 एकड़ को सिंचित और दो फसली बताकर 37.37 लाख रुपए का भुगतान किया और खसरा नंबर 1/6 रकबा 0.62 एकड़ में अवैध तरीके से एक करोड़ रुपया के मुआवजे का भुगतान मनोज अग्रवाल को किया गया. ग्राम सकरी में खसरा नंबर 1,9,10 में हुए बटांकन को बिना सक्षम अधिकारी के आदेश के बगैर मर्ज कर भू नक्शा पोर्टल में मूल नंबर दर्ज किया गया. जिससे जमीन मालिक को नुकसान हुआ. करोड़ों रूपये की गड़बड़ी मामले की जानकारी मिलते ही कलेक्टर अविनाश शरण ने जांच समिति का गठन कर दिया. इसमें आरआई मुकेश साहू द्वारा 3 करोड़ 42 लाख 17 हजार 920 रुपए की गड़बड़ी करने की पुष्टि हुई. जिसके बाद कलेक्टर ने एसडीएम तखतपुर को स्न्झ्क्र दर्ज कराने के निर्देश दिए. आरआई मुकेश साहू के खिलाफ सकरी थाना में धारा 420 (धोखाधड़ी), 467 (कूटरचना), 468 (धोखाधड़ी हेतु कूटरचना), 471 (जालसाजी दस्तावेज का इस्तेमाल), 409 (सरकारी धन का गबन) और 120बी (षड्यंत्र) के तहत मामला दर्ज किया गया है. मामले में फरार मुकेश साहू की तलाश में पुलिस जुट गई है।

# पुलिस ने 25 लाख कीमत के गांजा व नशीली दवाओं को किया नष्ट, डीआईजी व एसएसपी ने की कार्यवाही

**सूरजपुर।** बुधवार, 05 फरवरी 2025 को सूरजपुर जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। पुलिस लाईन परिसर में अस्थायी भट्ठे में मादक पदार्थों को नष्ट किया गया। जिला स्तरीय औषधि निपटान समिति की देखरेख में यह कार्रवाई की गई। इस दौरान एनडीपीएस एक्ट के 14 प्रकरणों में जब्त 61.836 किलोग्राम गांजा, 404 नग इंजेक्शन, 6295 नग टेबलेट, 1438 नग कफ सिरप और 2004 नग कैप्सूल को नष्ट किया गया जिसकी अनुमानित कीमत करीब 25 लाख रूपये है।

डीआईजी एवं एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने बताया कि यह कार्रवाई केंद्र सरकार के वित्त मंत्रालय की 23 दिसंबर 2022 की अधिसूचना और छत्तीसगढ़ शासन के 21 नवंबर 2024 के निर्देशों के अनुसार की गई। नष्टीकरण की प्रक्रिया डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो और जिला आबकारी अधिकारी इन्द्रबली सिंह मरकण्डेय तथा क्षेत्रीय अधिकारी पर्यावरण संरक्षण मण्डल के पंचान भी मौजूद रहे। कार्रवाई से पहले छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल से अनुमति ली गई और सभी संबंधित विभागों व न्यायालय को



सूचना दी गई। जिला पुलिस सूरजपुर ने युवाओं व नागरिकों को नशे से बचाने के लिए भविष्य में भी निरंतर मादक पदार्थों



की तस्करी पर सख्त कार्यवाही करने के लिए दृढ़ संकलित है। इस दौरान रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी, निरीक्षक जावेद मियादांद सहित पुलिस के अधिकारी व जवान मौजूद रहे।

# 10 सीटों के लिए अब 60 उम्मीदवार मैदान में, तीन अभ्यर्थियों ने की नाम वापसी

### प्रत्याशियों को मिला चुनाव चिन्ह

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला पंचायत कोरिया के दस सीटों के निर्वाचन के लिए आज सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह का आबंटन कर दिया गया है। जिले में जिला पंचायत क्षेत्र के उम्मीदवारों के नाम निर्देशन पत्रों की वापसी का अंतिम दिन था। नियत समय तक 63 उम्मीदवारों में केवल तीन अभ्यर्थियों ने नाम वापस लेने के बाद 60 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं।

रिटर्निंग अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी अभ्यर्थियों को उनके नाम की वरीयता के अनुसार चुनाव चिन्ह आवंटित किए हैं। विदित हो कि गत चार फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच प्रक्रिया संपन्न होने के बाद जमा किए गए सभी 63 नामांकन पत्र वैध पाए गए थे। संवीक्षा के दौरान किसी भी प्रत्याशी का नामांकन अमान्य नहीं पाया गया। आज तीन प्रत्याशी ने अपनी स्वेच्छा से नाम वापस ले लिया है और उसके बाद नियमानुसार सभी 60 प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह का आबंटन अंग्रेजी वर्णमाला में वरीयता अनुसार आवंटित कर दिया गया है। निर्धारित समय पर जिन प्रत्याशियों ने अपने नाम वापस लिए हैं उनमें बैकुंठपुर (प्रथम) 01 अनारक्षित महिला सीट से संगीता राजवाड़े, क्षेत्र क्रमांक 09-खड़गवां (प्रथम), अ.ज.जा. महिला सीट से फूलकुंवर गोंड़ ने और क्षेत्र क्रमांक 04 बैकुण्ठपुर चतुर्थ अनारक्षित मुक्त सीट के प्रत्याशी रामदास साहू शामिल हैं। अलग-अलग निर्वाचन क्षेत्रों से प्रत्याशियों की सूची और उन्हे आबंटित चुनाव चिन्ह कुछ इस प्रकार हैं- बैकुंठपुर (प्रथम) अनारक्षित महिला सीट से अफसाना यूसुफ को दो पत्ती छाप,  अन्नू हीरालाल साहू को उगता सूरज छाप, फुलाशो को पतंग छाप, पुष्पलता राजवाड़े को छाता, वंदना विजय राजवाड़े को बैलगाड़ी छाप प्रदान किया गया है। इसी तरह बैकुंठपुर (द्वितीय) अ.ज.जा. मुक्त सीट से राजेश कुमार पैकरा को दो पत्ती छाप, सरोजनी संजय सिंह कमरो को उगता सूरज और सौभाग्यवती सिंह कुसरो को पतंग छाप आवंटित किया गया है। जिला पंचायत कोरिया में बैकुंठपुर (तृतीय) अ.जा. महिला सीट से आरती कुर्रे को दो पत्ती छाप, प्रत्याशी प्रतिमा को उगता सूरज, राजकुमारी को पतंग छाप,  संगीता सोनवानी को छाता छाप, सविता देवी सोलंकी को बैलगाड़ी छाप, सुनीता देवी को फावड़ा बेल्चा,  सुनीता देवी कुर्रे को बल्ब छाप और प्रत्याशी उर्मिला सुभाश कुमार को सिलाई मशीन चुनाव चिन्ह मिला है। बैकुंठपुर (चतुर्थ) अनारक्षित मुक्त सीट से अरविंद कुमार सिंह को दो पत्ती, अश्वनी कुमार कुशवाहा को उगता सूरज, भूपेंद्र दुबे को पतंग,  बिहारी लाल राजवाड़े को छाता, चिंतामणि सिंह सांडिल को बैलगाड़ी, लक्ष्मी बाई को फावड़ा बेल्चा, माला सिंह को बल्ब, प्रवीण कुमार दुबे को सिलाई मशीन, राजेश साहू को हाथ चक्की, एल.आर. रवि को टेबल फैन, सुरेंद्र कुमार कुशवाहा को सिलेट छाप, विमला आगरसाय राजवाड़े को रेडियो, विनोद कुमार साहू को हारमोरिनयम छाप आवंटित हुआ है। बैकुण्ठपुर (पंचम) अनारक्षित महिला सीट से आशा साहू को दो पत्ती,  दुर्गा कुमारी को उगता सूरज, प्रत्याशी गीता राजवाड़े को पतंग और श्रीमती गीतिका ब्रिजेश साहू को छाता छाप और किरण विजय सिंह को बैलगाड़ी छाप प्राप्त हुआ है। बैकुण्ठपुर (षष्ठम) अनारक्षित मुक्त सीट से अजित कुमार बड़ा को दो पत्ती, जोखन सिंह उगता सूरज,  मोहित राम पैकरा को पतंग और रामनारायण साहू को छाता छाप, वेदांती प्रसाद तिवारी को बैलगाड़ी, विमलचन्द्र चेरवा को फावड़ा बेल्चा और विश्वनाथ टोप्पो को बल्ब छाप मिला है।

सोनहत (प्रथम) अ.ज.जा. मुक्त सीट से कृष्ण कुमार सोनपाकर को दो पत्ती, रजवंती को उगता सूरज, राम प्रताप सिंह मरावी को पतंग छाप, सुरेश कुमार सिंह पप्पू को छाता, तिलकधारी सिंह गोड़ को बैलगाड़ी छाप तथा सोनहत (द्वितीय) अ.ज.जा महिला सीट से जयवती चेरवा को दो पत्ती, शिव कुमारी सिंह को उगता सूरज और प्रत्याशी शिवकुमारी को पतंग छाप आबंटित हुआ है। जिला पंचायत में खड़गवां (प्रथम) अ.ज.जा. महिला सीट से भगमनिया गोड़ को दो पत्ती, कृशणकला सिंह को उगता सूरज, राम बाई गोड़ को पतंग और सन्तोशी पैकरा को छाता, सुशमा कोराम को बैलगाड़ी छाप और विमला सिंह को फावड़ा बेल्चा चुनाव चिन्ह मिला है। खड़गवां (द्वितीय) अ.ज.जा महिला सीट से चुन्नी बाई पैकरा को दो पत्ती, कलावती मरकाम को उगता सूरज, कमलावती सिरदार को पतंग, श्रीमती ममता सिंह को छाता और प्रत्याशी स्नेहलता उदय गोंड को बैलगाड़ी छाप आबंटित हुआ है।

# जारी है कोयला का अवैध कारोबार
# दो ट्रक में मिला 16 टन अवैध खनिज

### सीआईएसएफ ने पुलिस को सौंपा मामला

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की कोरबा जिले में स्थित माइंस में कोयला उत्पादन भले ही नियम के अंतर्गत किया जा रहा हो लेकिन इसकी मार्केटिंग और ट्रांसपोर्ट के मामले में घालमेल बना हुआ है। सीआईएसफ में एक ऐसे ही मामले में दो वाहनों को पकड़ा है और उसे पुलिस के हवाले सौंप दिया। मामला कोयला के ओवरवेट का बताया गया है। पुलिस ने संबंधित तथ्यों के आधार पर कार्रवाई करने की बात कही है।

सूचनाओं के अनुसार साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के गेवरा दीपिका का यह मामला है। जानकारी मिली है कि कोयला कंपनी के द्वारा एक पार्टी को कोयला आवंटित किया गया था जिसे वहां के जरिए गंतव्य को भिजवाने की व्यवस्था की जा रही थी। बताया गया कि वेब्रिज में वाहन की जांच करने और पेपर्स का निरीक्षण करने पर इसमें गड़बड़ी पाई गई। तकनीक के आधार पर की गई पड़ताल में मालूम चला कि परमिट में दर्शाई गई मात्रा से 16 टन ज्यादा कोयला लोड था। इस प्रकार की कारस्तानी कैसे हुई इसका पता चलना बाकी है लेकिन सीआईएसएफ ने इस गड़बड़ी को पकड़ने के साथ वाहन को आगे जाने से रोक दिया। पिछली रात्रि इस बारे में पुलिस को अवगत कराने के साथ भारी वाहन उसके सुपुर्द कर दिया गया। हालांकि इस तरह का यह पहला मामला नहीं है जिसमें ऐसी गड़बड़ी उजागर हुई है। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की ओर से दी गई सूचना के आधार पर पुलिस ने कहा है कि मामला जांच में लेने के साथ आगे बढ़ेंगी। कॉल फ़ील्ड में इस तरह की कार्रवाई ने एसईसीएल प्रबंधन के साथ-साथ कोल लिफ्टर की मुश्किलों को बढा दिया है।



### काफी समय से चर्चित रहा है यह कारोबार

कोरबा जिले में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की खदानों में मनमानी तरीके से कोयला की अफरातफरी चल रही है। सांठगांठ के आरोप इसी को लेकर लगते रहे है। समय समय पर ऐसे प्रकरण में प्रबन्धन की व्यवस्था की पोल खुलती रही है और इस पर कई तरह के सवाल खड़े होते रहे है। एक बार फिर जो कारनामा सामने आया है उसने बता दिया है कि अपने ही लोगों के कारण साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स इंडिया को आर्थिक चपत लग रही है।

### गेवरा से जुड़ा है मामला

5-6 फरवरी 2025 की मध्यरात्रि में गेवरा खदान के बैरियर नंबर 1 और 2 पर क्रमशः ट्रक क्रमांक सीजी-11बीजे7598 और सीजी-11बीजे-7600 को रोककर शक के आधार पर दोबारा वजन कराने के लिए भेजा गया। पुनर्वजन कराने पर ट्रक क्रमांक सीजी-11बीजे7598 का वजन 62.110 मीट्रिक टन पाया गया, जबकि उसकी आधिकारिक पर्ची के अनुसार 53.950 मीट्रिक टन होना चाहिए था। इसी प्रकार, ट्रक क्रमांक सीजी-11बीजे-7600 का वजन 61.450 मीट्रिक टन निकला, जबकि उसकी आधिकारिक पर्ची में 53.470 मीट्रिक टन दर्ज था। यानी, दोनों वाहनों में 8.16 मैट्रिक और 7.98 मीट्रिक टन अतिरिक्त कोयला लोड किया गया था। पूछताछ में ट्रक चालक ने बताया कि फिल कोल कंपनी के मुंशी पिंटू सिंह के दबाव में अतिरिक्त कोयला लोड किया गया था। कोयला लोडिंग के लिए पे-लोडर संख्या सीजी04एनडब्ल्यू4307 का उपयोग किया गया, और लोडिंग प्रक्रिया की देखरेख एसईसीएल के बी-2 कोल स्टॉक इंचार्ज, लोडिंग इंस्पेक्टर गुलाब सिंह राठौर कर रहे थे।

## तिरुवनंतपुरम-कोरबा एक्सप्रेस 10 दिन के लिए रद्द



**कोरबा।** तिरुवनंतपुरम- कोरबा एक्सप्रेस 10 दिन के लिए रद्द रहेगी। सिकंदराबाद रेल मंडल के खम्मम स्टेशन में तीसरी रेलवे लाइन का निर्माण कार्य चलेगा जिसके चलते ट्रेन 10 से 19 फरवरी तक कैंसल है।

रेलवे के मुताबिक, तिरुवनंतपुरम उत्तर से चलने वाली तिरुवनंतपुरम-कोरबा एक्सप्रेस (गाड़ी नंबर 22648) 10, 13 और 17 फरवरी को रद्द रहेगी। वहीं, कोरबा से चलने वाली कोरबा-तिरुवनंतपुरम एक्सप्रेस (गाड़ी नंबर 22647) 12, 15 और 19 फरवरी को रद्द रहेगी। रेल्वे अधिकारियों ने बताया कि काजीपेट-विजयवाड़ा सेक्शन में निर्माण कार्य 10 से 20 फरवरी तक चलेगा। इसके अलावा, संबलपुर रेलवे स्टेशन यार्ड के आधुनिकीकरण कार्य के कारण 5 फरवरी से 30 अप्रैल तक कई ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन किया गया है। ये ट्रेनें सरला जंक्शन-संबलपुर सिटी होकर चलेंगी। इनमें भुवनेश्वर-मुंबई, पुरी-मुंबई, पुरी-जोधपुर, पुरी-लालगढ़ और विशाखापटनम-अमृतसर रूट की प्रमुख ट्रेनें शामिल हैं। रेल प्रशासन ने यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद प्रकट किया है।

## नरेन्द्र देवांगन का वार्डवासियों ने किया अभिनंदन



**कोरबा।** वार्ड क्रमांक 18 से निर्विरोध निर्वाचित हुए पार्षद श्री नरेंद्र देवांगन का वार्ड वासियों ने अभिनंदन किया। इस अवसर पर श्री देवांगन ने वार्ड के नागरिकों का आभार जताया।

इस अवसर पर श्री देवांगन ने कहा कि आज वार्ड क्रमांक 18 की चर्चा पूरे प्रदेश में है, आप सभी ने जिस तरह मान सम्मान के साथ भरोसा जताया है, उस विकास कार्यों के लिए और ताकत मिली है। निश्चित तौर पर आने वाले 5 वर्षों में वार्ड के विकास के लिए कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। जितनी भी कार्य शेष हैं, उन्हें प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर रामकुमार राठौर, कपूर चंद पटेल, गिरजा साहू, प्रभा साहू, पार्वती साहू, पूजा साहू, जयप्रकाश साहू, दिलीप राठौड़, संतोषी राठौर, मनीष साहू , चंदन श्रीवास, यमन साहू समेत वार्डवासी अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

### डंपिंग यार्ड में अज्ञात तत्वों ने लगाई आग बढ़ा खतरा

**कोरबा।** वन मंडल कटघोरा के केंदई रेंज अंतर्गत चोटिया कोरबी मुख्य मार्ग में बालको के चोटिया-1 बंद पड़ी खदान के कांटा घर के पास स्थित डंपिंग में किसी अज्ञात शरारती तत्वों ने आग लगा दी। आग ने जंगल को अपनी चपेट में ले लिया है। उस क्षेत्र में हाथियों की भी मौजूदगी बताई जा रही है।

देखते ही देखते आग इतनी तेज से बढ़ रही है कि बालको के कांटा घर, एवं अन्य सम्पति की भी क्षति होने की आशंका बनी हुई है। वन विभाग का सभी ग्रामवासियों से निवेदन है कि इस वर्ष महुआ संग्रहण के पहले जिस भी स्थान में आपके द्वारा महुआ संग्रहण किया जाता है उसे वन विभाग के रजिस्टर में लिखाये तथा उस स्थान के पत्तों को एकत्र करके साफ़ करें न कि इस दौरान जंगल में आग न लगायें।

## गेरांव के बिरहोर बस्ती में प्रधानमंत्री आवास को अधूरा छोड़ा, नहीं हो रहा वनवासियों के पक्के घर का सपना पूरा





**कोरबा।** जिले के कोरबा विकासखंड के गेरांव पंचायत के बिरहोर बस्ती में निवासरत जनजाति समुदाय के बिरहोर वनवासियों के पक्के मकान का सपना पूरा नहीं हो सका है। क्योंकि यहां पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत हितग्राहियों के आवास को सरपंच व सचिव ने अधूरा छोड़ दिया है। अधूरे बने आवास को पूरा करने के लिए हितग्राही लगातार चक्कर लगाते रहे हैं लेकिन उन्हें सिवाय आश्वासन के कुछ भी नहीं मिला और कई वर्षों से आवास के अधूरा पड़े रहने से वे कच्चे मकान अथवा झोपड़ी में रहने को मजबूर हैं। यहां के ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2016-17 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के आवास बनाने की स्वीकृति मिली थी तब तत्कालीन सरपंच एवं सचिव ने यह कहते हुए आवास के लिए आई राशि को उनके खाते से निकलवाकर ले लिया था कि वे पक्के मकान बनाकर शीघ्र दे देंगे। बिरहोर बस्ती के लोगों से पैसा लेने के बाद सरपंच एवं सचिव ने मकान बनाना तो शुरू किया लेकिन इसे आधा-अधूरा बनाकर इसे भगवान भरोसे छोड़ दिया है। अधूरे पड़े आवास को पूरा करने के लिए के बिरहोर बस्ती के लोग सरपंच एवं सचिव का लगातार चक्कर लगा रहे हैं लेकिन अब बना देंगे तब बना देंगे कहकर लगातार उन्हें घुमा रहे हैं जिससे आवास अभी भी अधूरा पड़ा हुआ है और धीरे-धीरे बनने से पूर्व ही जर्जर होता जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास के अधूरा व जर्जर होने की जर्जर यहीं पूरी नहीं होती बल्कि गेरांव पंचायत के आश्रित ग्राम बताती के कमरानपारा में भी यही स्थिति है जहां सरपंच एवं सचिव ने पैसा लेने के बावजूद हितग्राहियों के आवास को अधूरा छोड़ दिया है। कई हितग्राही तो थक-हारकर स्वयं के खर्चे से अधूरे पड़े भवन को बनाए तथा कई ने इस पर टीना अथवा एस्बेस्टर शीट लगाकर पूरा किया है। जिससे उनका पक्के आवास का सपना अधूरा रह गया है।

### यात्रा भत्ता व मेडिकल बिल भुगतान का मामला सुलझा

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा पूर्व के कोयला कामगारों को टीएडीए व मेडिकल बिल का भुगतान नही हो पा रहा था एसईकेएमसी की आईआर बैठक में इस मामले को जोरशोर से उठाया गया। प्रबंधन ने आश्वासन दिया था कि फंड नही होने से दिक्कते हो रही है। दो दिनों सभी ईकाईयों में भुगतान चालू हो जाएगा। सरईपाली क्षेत्र के राजेश साहू व बेलोराम ने बताया कि यहां के कामगारों को मेडिकल बिल मिलने लगा है। भुगतान होने पर कोयला कामगारों ने इसका स्वागत किया है। मानिकपुर में भी कोयला कामगारों को मेडिकल बिल भुगतान होने लगा है। इस क्षेत्र में कार्यरत संदीप चौधरी , किशोर सिन्हा, प्रमोद बनर्जी, सुबरत दास, सुनीत शुक्ला, रामफल साहू ने इसका किया है। और कहा है कि मेडिकल भुगतान के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा था।

## रास्ते को संकरा किया उठवाए गए अनेक वाहन



**कोरबा।** काफी समय से कोरबा नगर की कई सड़कों पर अवैध गाड़ियों का कब्जा जारी रहा। इससे रास्ता संकीर्ण हो गया। आने जाने की समस्या बाधित हो गई। ट्रैफिक पुलिस और नगर पालिका निगम ने संयुक्त रूप से इस मामले को समझने के साथ कार्रवाई की और सड़कों की घेराबंदी करने वाले ऐसे अनेक वाहनों को उठा लिया। इंस कारवाई से हड़कंप मची हुई है।

ट्रैफिक पुलिस ने आईपीएस अधिकारी रविंद्र मीणा, डीएसपी डीके सिंह के निर्देशन में नगर निगम के अतिक्रमण हटाओ दस्ता के साथ मिलकर यह कार्रवाई की। ट्रैफिक पुलिस असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर मनोज राठौर, ईश्वरी लहरें , संतोष सिंह, नगर निगम की ओर से अविनाश जयसवाल , प्रिंस कुमार सिंह , विमल गोयल ने अपनी भूमिका निभाई। कोरबा शहर के विभिन्न मार्गो का निरीक्षण करने के साथ यहां पर पाया गया कि कई जगह सड़क के किनारे अवैध रूप से अनुपयोगी वहां रख दिए गए हैं। इसके कारण आवागमन बाधित हो रहा है और लोगों को परेशानी हो रही है। यह मामला संज्ञान में आने पर इस दिशा में उचित कदम उठाने का निर्णय लिया गया। उपरोक्त अनुसार समस्या ग्रस्त इलाकों में अभियान को संचालित करते हुए अवैधानिक रूप से पार्क की गई गाड़ियों को उठाकर जपत किया गया। बताया गया कि ऐसे मामलों में पेनल्टी की जाएगी। कहां जाएगी शहरी क्षेत्र की सभी सड़कों को सहज आवागमन के लायक बनाने के लिए जो कुछ भी आवश्यक होगा, कदम उठाए जाएंगे।

## चचिया में झोपड़ी तोड़ गेरांव पहुंचे 6 हाथी



**कोरबा।** जिले के कुदमुरा वन परिक्षेत्र में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। यहां के कुदमुरा, चचिया एवं कलमीटिकरा परिसर में 45 की संख्या में हाथी विचरण करने के साथ उत्पात भी मचा रहे हैं। चचिया परिसर में मौजूद 6 हाथियों के दल ने बीती रात उत्पात मचाते हुए जहां एक ग्रामीण के झोपड़ी को तोड़ दिया वहीं एक अन्य के बाड़ी में प्रवेश कर वहां लगे सब्जी के पौधों को तहस-नहस कर दिया जिससे संबंधित ग्रामीणों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। खबरों के मुताबिक हाथियों का दल आधी रात को जंगल से निकलकर यहां पहुंचे और उत्पात मचाना शुरू कर दिया। चचिया में उत्पात मचाने के बाद हाथियों के दल ने आगे का रूख किया और जंगल की रास्ते होते हुए कोरबा वन परिक्षेत्र के गेरांव पहुंच गया और वहां के जंगल में डेरा डाल दिया है। जिसकी निगरारी वन कर्मियों द्वारा की जा रही है जबकि कुदमुरा रेंज के जिल्गा परिसर में सक्रिय 7 हाथी चचिया पहुंच गए हैं वहीं 34 हाथियों का दल कुदमुरा परिसर में लगातार विचरण कर रहा है। ये हाथी फिलहाल शांत हैं। लेकिन हाथियों द्वारा उत्पात मचाए जाने की संभावना को देखते हुए वन विभाग सतर्कता बरत रहा है और हाथियों के इस दल की लगातार निगरानी में जुटा हुआ है। एक अन्य हाथी कलमीटिकरा परिसर में विचरण करते हुए देखा गया। जिसके बाद वन अमला ने गांव पहुंचकर मुनादी कराया और ग्रामीणों को सतर्क करने का काम भी शुरू कर दिया है। उधर कटघोरा वनमंडल के केंदई, पसान व एतमानगर में हाथी समस्या लगातार बनी हुई है।

# चुनाव प्रचार को 3 दिन बाकी ताकत झोंकी महारथियों ने

### नगरीय निकायों में मतदान 11 को



**कोरबा।** नगरीय निकाय चुनाव के लिए 11 फरवरी को मतदान होना है। अब प्रत्याशी अंतिम 3 दिन ही प्रचार कर सकेंगे। उन्होंने अपने क्षेत्र में तैयारी झोंक दी है। कोरबा जिले में एक नगर निगम, 3 नगरपालिका और 2 नगर पंचायत निकाय है, जहां के मतदाताओं को अपने नए प्रतिनिधि चुनने का मौका मिल रहा है।

कोरबा जिले में सबसे बड़े निकाय नगर निगम से महापौर पद पर 11 प्रत्याशी रणक्षेत्र में बरकरार हैं। जबकि 67 वार्डों में पार्षद के 277 उम्मीदवारों की उपस्थिति बनी हुई है। ये सभी मुख्य रूप से भाजपा, कांग्रेस, आप और अन्य दलों के है। नामांकन पत्रों की जांच व नाम वापसी के बाद तस्वीरे साफ होने पर उम्मीदवार जनता के सामने जा रहे है।

प्रदेश व केंद्र में सत्तारूढ़ भाजप अपनी जनहितकारी योजनाओं के दम पर जनता के बीच उपलब्धि का जबरदस्त बखान कर रही है। साथ ही वह कोरबा निगम में पिछले 10 साल से कांग्रेस के महापौर होने व विकास के बाधित होने का मुद्दा भी उठा रही है। दूसरी ओर, कांग्रेस निगम में अपनी वापसी को लेकर प्रयत्नशील है। उसके द्वारा अपने 2 कार्यकाल में निगम क्षेत्र में किये गए कार्यों पर फोकस कर रही है। उसका कहना है है कि जनता का समर्थन चुनाव में मिलेगा ही। वही, आम आदमी पार्टी, बसपा और अन्य दलों सहित निर्दलीय उम्मीदवार भी काफी आशा लगाए हुए है। निर्वाचन को लेकर प्रशासन ने सभी निकायों के अंतर्गत मतदान केंद्र स्तर पर प्रबंधन करना जारी रखा है।

### मतदाताओं को साधने की कोशिश


चुनाव में निर्णायक भूमिका भूमिका मतदाता निभाते है, इसलिए उनकी पूछपरख होना स्वाभाविक है। इस चुनाव में नतीजों को यही वर्ग प्रभावित करता है। लेकिन जानकार बताते है कि बहुत सारे क्षेत्रों में मतदाता प्रबन्धन भी बड़ा मुद्दा रहा है। उन्हें इंतजार होता है कोई तो वोटर स्लिप व चुनाव चिन्ह के साथ खर्चा पानी के साथ आये।

### भाजपा की नुक्कड़ सभा आज से शुरू

**कोरबा।** भाजपा की पूर्व सांसद सरोज पाण्डेय का आज कटघोरा आगमन हो रहा है। वें नवागांव में आयोजित नुक्कड़ सभा में शामिल होगी। कटघोरा पहुंचने पर उनका अभिषेक गर्ग, राजेन्द्र टंडन, डाकेयवर शुक्ला, सुनील खाण्डे, शमजीत सिंह, किशन केशरवानी, विवेक मारकण्डे, जय गर्ग सहित अन्य कार्यकर्ता के द्वारा स्वागत किया जाएगा। इसके बाद बांकी मोंगरा क्षेत्र में नुक्कड़ सभा आयोजित है। यहां भी सरोज पाण्डेय को बुलाया गया। बांकीमोगरा में उदय शर्मा, हुनमान पाण्डेय, लखन राठौर, मुकुल कर्ष, कमलजीत सिंह, भी कार्यक्रम की तैयारी कर रहे है। इसके बाद कोसाबाड़ी नगर मंडल के तीन स्थानों पर नुक्कड़ सभा आयोजित है।












स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com